भाद्रपद कृष्ण पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 118 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23
भोपाल
12 अक्टूबर 2023 गुरुवार

आज का मौसम
35 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

Page- 7

## चुनावी सरगर्मी : मंडला में प्रियंका गांधी ने कहा...

# मूल प्रश्न हुए गायब लोगों को सिर्फ भटका रही हैं सरकारें

**भोपाल/मंडला, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस के मिशन आदिवासी के तहत आज महासचिव प्रियंका गांधी ने आज मंडला में कहा भाजपा सरकार लोगों का ध्यान भटका रही है। जबकि महंगाई कम करने व आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और विकास जैसे मूल प्रश्न गायब हैं। भाजपा सरकार लोगों को चप्पल छाते जूते दे रही हैं लेकिन तेंदुपत्ता बोनस नहीं दे रही। यह थोक में खरीदकर आपको पकड़ा देते हैं। यह सही सम्मान नहीं है। प्रियंका ने मप्र सरकार की सस्ते सिलेंडर योजना का जिक्र किया और कहा कि सरकार जानती है कि ज्यादातर महिला का सिलेंडर महिला के नाम पर है ही नहीं। अब महिलाओं को सिलेंडर अपने नाम कराने के लिये 4 हजार खर्च करना पड़ रहे हैं।

सभा में प्रियंका ने जाति गणना का जिक्र भी किया, उन्होंने कहा कि देश में पिछडे, दलित,आदिवासी कितने हैं यह सामने आना चाहिये। उन्होंने आदिवासी समाज की समस्याओं को बार बार उठाया और लोगों से तादात्म्य बनाने की कोशिश की। दो दिन पहले राहुल गांधी ने भी आदिवासी अंचल ब्योहारी में सभा संबोधित की थी। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस ने वन ?अधिकार दिलाकर जल जंगल व जमीन का वास्तविक हक दिलाया था। उन्होंने छत्तीसगढ में कांग्रेस की सरकार आदिवीासी कल्याण के लिये कामों का लंबा जिक्र किया और कहा कि लोग सही पार्टी को काम का मौका दें। प्रियंका ने मंडला के लोगों को पूर्व पीएम स्व इंदिरागांधी की कई बार याद दिलाई और यह भी कहा कि मेरी शक्ल उनसे कुछ मिलती जुलती है, इसलिये मेरी जिम्मेदारी आदिवासी वर्ग के प्रति ज्यादा बढ गई है। मप्र में 225 महीनों की सरकार है और 250 घोटाले हैं। 22 हजार वादे किये गये हैं मगर जबपलपुर से मंडला तक की सड़क दस साल में पूरी नहीं हो सकी है। इस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी को यहां लोगों से माफी मांगनी पड़ी थी। प्रियंका ने कहा कि क्या अब लोग यह नहीं सोचते कि मप्र में बहुत हो गया है और सरकार बदलने का समय आ गया है।

### पांचों आदिवासी सीटों पर नजर

मंडला के राममनगर में सभा स्थल का चयन किए जाने के पीछे कांग्रेस के कई चुनावी गणित है। दरअसल रामनगर गोंडकालीन ऐतिहासिक राजधानी है। मंडला जिले की तीनों विधानसभा सीटें मंडला, निवास और बिछिया आदिवासी बहुल हैं। इसके अलावा पड़ोसी डिंडौरी जिले की डिंडौरी और शाहपुरा विधानसभा भी आदिवासी बहुल हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस को मंडला और डिंडौरी जिले में अच्छी सफलता मिली और डिंडौरी की दोनों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा हुआ था। मंडला की तीन में से दो सीट पर कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया था। कांग्रेस इस क्षेत्र में अपनी पकड को कायम रखने के जतन कर रही है।

### मप्र में चौथी सभा

प्रियंका की हाल के महीनों में उनकी मप्र में चौथी सभा है। वे जबलपुर,ग्वालियर व धार में सभा संबोधित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि देश प्रदेश की संपत्ति आपके हाथों में हों। कांग्रेस ने पंचायत को मजबूत किया। यह सब कांग्रेस की सोच थी। भाजपा ने यह अधिकार छीने हैं, सरपंचों के अधिकार में कटौती है। मनरेगा लागू नहीं की, इससे पलायन बढ गया। आदिवासी पर यहां बहुत अत्याचार हुआ है। डेढ लाख महिला बच्ची गायब हैं। उन्होंने उज्जैन की घटना का भी जिक्र किया।

## कांग्रेस सीईसी की बैठक में होगा टिकटों पर फैसला

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस की केदीय चुनाव समिति आज छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने वाली है। समिति (सीईसी) की बैठक दिल्ली में होगी। इसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों की माने तो स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठकें पहले हो चुकी हैं। 90 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। इससे पहले मंगलवार देर रात छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति और स्क्रीनिंग कमेटी की मैराथन बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई। चुनाव समिति की बैठक के बाद रात तक स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, 14 से 15 अक्टूबर के बीच पहली सूची जारी करने पर सहमति बन चुकी है। वहीं मध्यप्रदेश के करीब 100 नाम भी दो दिन बात सामने आने की आसार हैं।

### 10 ट्रेनें कैंसिल, 21 डायवर्ट

## बिहार में ट्रेन हादसा, 4 लोगों की मौत, 100 घायल

**पटना, एजेंसी।** बिहार में दिल्ली से गुवाहाटी जा रही नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस (12506) बीती की रात हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि ट्रेन की सभी 21 बोगियां पटरी से उतर गई, जिनमें एसी-3 टियर की दो बोगियां पलट गई। यह हादसा बक्सर-आरा के बीच रघुनाथपुर स्टेशन के पास रात में 9 बजकर 35 मिनट पर हुआ। ट्रेन में सवार 100 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। इनमें 15 से 20 लोगों गंभीर हैं। रात को ही 10 घायलों को एम्स पटना भेजा गया है। अन्य घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ट्रैक टूटने से ट्रेन के डिरेल होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद पटरी दो फीट तक फट गई। उधर ट्रेन के गार्ड ने बताया, दुर्घटना के वक्त ट्रेन करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। एकदम से ब्रेक लगा और ट्रेन डिरेल हो गई। पोल संख्या 629/8 के पास कर्व था। यहां से ट्रेन की चार बोगी निकल गई। फिर एक-एक कर सभी बोगियां डिरेल होती चली गईं। इस ट्रेन के आने से आधा घंटे पहले एक पैसेंजर ट्रेन (03210) इसी ट्रैक से गुजरी थी।

## टैक्सी लूट व चालक को एक किमी घसीटने वाले गिरफ्तार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** महिपालपुर इलाके में एनएच-8 पर टैक्सी को लूट कर उसके चालक बिजेंदर को करीब एक किलोमीटर तक घसीटने की वारदात को 24 घंटे में सुलझाने का दावा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महिपालपुर में लूट के बाद टैक्सी से चालक बिजेंदर को घसीट कर हत्या करने वाले दोनों आरोपी अभी मेरठ में ही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली लाकर उन्हें कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। दिल्ली पुलिस अधिकारी आरोपियों से पूछताछ करने में लगे हुए हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें पता था कि टैक्सी के साथ चालक घिसट रहा है उसके बावजूद आरोपियों ने टैक्सी को नहीं रोका।

### पांच बार सांसद, दो बार विधायक रहे

## वरिष्ठ भाजपा नेता सरताज सिंह का अस्पताल में निधन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पांच बार सांसद व दो बार विधायक व केंद्र राज्य में मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता सरताज सिंह का भोपाल में इलाज के दौरान निधन हो गया, वे 83 वर्ष के थे। सिंह लंबे समय से बीमार थे और भोपाल में उनका इलाज चल रहा था, सभी उन्हें बाबूजी के नाम से जानते थे। भाजपा नेता हितानंद शर्मा ने सरताज सिंह के निधन पर दुख प्रकट किया है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने पर नाराज सरताज सिंह पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। लेकिन वे चुनाव हार गए थे और फिर से भाजपा में वापसी कर ली।

वह पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अर्जुन सिंह को भी एक बार चुनाव में पटखनी दे चुके थे। स्व. सिंह ने अपना राजनीतिक कैरियर 70 के दशक में इटारसी की स्थानीय राजनीति से शुरू की थी और वे दो बार नगर पालिका के अध्यक्ष भी रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह समेत कई नेताओं ने सिंह को श्रद्धांजलि दी है। उनका अंतिम संस्कार इटारसी में किया जाएगा।

## आदि कैलाश मंदिर में मोदी ने पूजा की

**पिथौरागढ़ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड के दौरे पर हैं। सुबह वे पिथौरागढ़ पहुंचे यहां चीन सीमा पर स्थित आदि कैलाश मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पार्वती कुंड के पास बैठकर ध्यान भी लगाया। वे यहां लोगों से भी मिले। इसके बाद सेना और आईटीबीपी के जवानों से बात की। उत्तराखंड रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने एक्स हेंडल पर लिखा, ÷देवभूमि उत्तराखंड के जन-जन के कल्याण और राज्य के तेज विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसे और गति देने के लिए पिथौरागढ़ में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करूंगा।

## अस्पताल से अहमदाबाद पहुंचे शुभमन गिल

**अहमदाबाद.** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल भारत-पाकिस्तान मैच से पहले अहमदाबाद पहुंच गए हैं। बुधवार रात गिल अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 अक्तूबर को होना है। ऐसे में गिल के पास फिटनेस हालिस करने के लिए दो दिन का समय है। अगर वह फिट हो जाते हैं तो उनका खेलना तय है, क्योंकि ईशान किशन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली गेंद में ही आउट हो गए थे और अफगानिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने धीमी शुरुआत की थी। इसके बावजूद वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे। गिल के फिट होने पर ईशान किशन का प्लेइंग 11 से बाहर होना तय है।

### गैंगस्टर के भतीजे का खुलासा

## कबड्डी स्पर्धा मूसेवाला के मर्डर की वजह बनी!

**चंडीगढ , एजेंसी।**

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में 17 माह बाद सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। यह खुलासा गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भांजे सचिन थापन ने किया है। सचिन ने मूसेवाला हत्याकांड की वजह और मौत की तारीख तय होने के समय का भी खुलासा किया है। सचिन के मुताबिक 2021 में कबड्डी कप हुआ था। यही आयोजन मूसेवाला की हत्या का कारण बना। ये आयोजन बंबीहा गैंग ने करवाया था। अजरबैजान से भारत लाने के बाद सचिन को मानसा पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाई है। उसने बताया कि अगस्त 2021 में लॉरेंस बिश्नोई के साथ राजस्थान की अजमेर जेल में बंद था। उस दौरान पंजाब में कबड्डी कप का आयोजन होना था। लॉरेंस ने मूसेवाला को फोन पर कहा था कि वह इस कप में न जाएं। लॉरेंस के मना करने के बावजूद सिद्धू मूसेवाला वहां चला गया। बाद में लॉरेंस ने मूसेवाला को फोन पर पूछा कि वे उसके मना करने के बावजूद वहां क्यों गया? पुलिस सूत्रों के अनुसार सचिन थापन ने बताया कि लॉरेंस ने मूसेवाला को गालियां दीं, मूसेवाला ने भी लॉरेंस को उसी अंदाज में जवाब दिया।

## दिग्विजय के बयान की भाजपा ने की आलोचना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश भाजपा के संवाद प्रमुख आशीष अग्रवाल ने दिग्विजय सिंह के इस कथन कि पीएफआई पर 97 प्रतिशत छापे झूठे पाए गए हैं, पर कहा है कि ये कौन सी नई आतंकी जांच की एजेंसी दिग्विजय सिंह को मिल गई है। अग्रवाल ने कहा दिग्विजय को ऐसा इसलिए लगा क्योंकि जिनके सुर सदैव पाकिस्तान के सुर से मिलते रहे हो, जिनके मन में आतंकवादियों के प्रति अथाह प्रेम झलकता हो, और जो हिन्दुओं को आतंकवादी घोषित करने में पुरजोर ताकत लगाते रहे हो उन्हें ही पीएफआई पर छापे झूठे ही लगेंगे।

## सागर में कार से चार क्विंटल से अधिक चांदी जप्त

**सागर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में अंतर्राज्यीय चैक पोस्ट पर पुलिस ने एक कार से चार क्विंटल से अधिक चांदी जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अंतर्राज्यीय चैक पोस्ट मालथौन नाका पर सघन चैकिंग के दौरान कार चार क्विंटल 67 किलो चांदी बरामद की है। आगरा से तेलंगना आन्ध्रप्रदेश ले जायी जा रही थी। कार में सवार उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी उमेश गोयल और अमित अग्रवाल के पास से चांदी के पायल, ब्रेसलेट, चेन के आभूषण मिला।

### मेट्रो एंकर

### हाल में कई घटना में ठगे गए हैं नामीगिरामी लोग

# कद्दावर नेता और अभिनेता भी अब साइबर स्कैमर्स के निशाने पर आए

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

देश में साइबर फ्रॉड के मामले इस तेजी से बढ़ रहे हैं कि अब यह नेता और अभिनेता तक पहुंच गये हैं। जबकि हाल तक आम लोग इन साइबर स्कैम का ज्यादा शिकार हुआ करते थे। स्कैमर्स की नयी पहुंच से जांच ऐजेंसियां भी हैरान हैं। दरअसल, दक्षिण भारत में डीएमके नेता दयानिधी मारन और हिंदी सिनेमा के अभिनेता आफताब शिवदासानी को साइबर क्रिमिनल्स ने शिकार बनाया है। सांसद दयानिधि मारन ने पुलिस कंप्लेंट दर्ज कराई और बताया कि उनके साथ 99,999 रुपये का फ्रॉड हुआ. सांसद दयानिधि मारन पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरासोली मारन के बेटे और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व डीएमके अध्यक्ष एम. करुणानिधि के पोते हैं। साइबर फ्रॉड की शुरुआत एक फोन के साथ हुई, जिसमें उनकी पत्नी प्रिया मारन के पास अनजान नंबर से तीन बार कॉल आई, लेकिन उन्होंने किसी को भी ओटीपी और बैंक संबंधित डिटेल्स नहीं दी। दयानिधी का एक्सिस बैंक में सेविंग अकाउंट हैं, जो उनकी पत्नी के साथ एक जॉइंट है। डीएमके सांसद ने बताया कि फोन कॉल आने के कुछ देर बाद उनके पास मैसेज आया कि सेविंग अकाउंट से 99,999 रुपये कट गए हैं।

उधर अभिनेता आफताब शिवदासानी के पास अनजान नंबर से एक मैसेज आया,जिसमें उन्हें केवायसी अपडेट कराने को कहा और ऐसा ना करने पर अकाउंट सस्पेंड करने की बात कही। अपडेट करने के इरादे से अभिनेता ने ऑनलाइन लिंक पर क्लिक कर दिया, उसमें कुछ इंस्ट्रक्शन आए, जिसमें वह आगे बढ़े और आखिर में उनके बैंक अकाउंट से 1,49,999 रुपये डेबिट हो गए। इसके बाद अभिनेता ने बैंक की ब्रांच से संपर्क किया तो उन्हें पता चला कि यह साइबर फ्रॉड है. इसके बाद उन्होंने पुलिस को इस मामले की जानकारी दी और कंप्लेंट दर्ज कराई।

### कैसे फ्रॉड करते हैं स्कैमर्स?

साइबर फ्रॉड के लिए स्कैमर्स अलग-अलग तरीकों की ट्रिक्स का इस्तेमाल करते हैं जिससे लोग चकरा जाते हैं व झांस में आ जाते हैं। ऑनलाइन ठगी करने वाले आए दिन वॉट्सऐप या टेलीग्राम के जरिए लोगो को पार्ट टाइम जॉब का लालच देते हैं। इससे लाखों की कमाई लोग गंवा देते हैं। फिर UPI आजकल जिंदगी का अहम हिस्सा है। छोटी-मोटी पेमेंट से लेकर बड़े अमाउंट ट्रांसफर तक में UPI का इस्तेमाल होता है। इसके लिए ठग एक लिंक पर क्लिक करने कहेंगे, उसके बाद भोले-भाले लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं। फ्रॉड करने वाले ठग यूजर्स के पास फर्जी मैसेज सेंड करते हैं, जिसमें लोन या क्रेडिट कार्ड पर कोई ऑफर देते हैं। इन मैसेज में यूजर्स को बैंक डिटेल्स और OTP या पिन मांगा जाता है। एक बार डिटेल्स मिलने के बाद यूजर्स कई ट्रांजेक्शन कर लेते हैं और बैंक अकाउंट में सेंध लगा देते हैं।

### सात केंद्रों पर आज से शुरू होगा प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण: 16 हजार कर्मचारियों को सिखाएंगे ईवीएम की बारीकियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। 2034 मतदान केंद्रों के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने चुनाव कराने वाले 16 हजार कर्मचारियों की ट्रेनिंग का प्लान जारी कर दिया है। जिसके तहत गुरुवार से राजधानी के सात अलग-अलग केंद्रों में दो शिफ्ट में ट्रेनिंग दी जाएगी।**

जिसमें ईवीएम के कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट मशीन के बारे में बारीकियां सिखाई जाएंगी। पहले चरण का प्रशिक्षण होने के बाद दूसरी बार भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि मतदान दलों का पहला प्रशिक्षण 12, 13, 16 और 17 अक्टूबर को सुबह 9 से एक बजे और दोपहर 1.30 बजे से 5.30 तक दो शिफ्ट में 7 केंद्रों पर होगा। जिसमें बीएसएस कॉलेज हबीबगंज नाका, गांधी मेडिकल कॉलेज, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर, समन्वय भवन टीटी नगर, शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज, शहीद भवन एमएलए रेस्ट हाउस और कुक्कुट पालन भवन वैशाली नगर में रखा गया है।

चार हजार कर्मचारी रहेंगे रिजर्व

जिले की सातों विधानसभाओं में चुनाव कराने के लिए जिले के करीब 16 हजार कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी लगाई गई है। इधर चार हजार अतिरिक्त कर्मचारियों का स्टॉक भी रखा गया है, जिनका उपयोग चुनावी काम के लिए किया जा सकता है। इन कर्मचारियों को भी चुनावी काम की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे ऐन वक्त पर दिक्कत न हो।

### सभी को ट्रेनिंग लेना जरूरी

उपजिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि चुनाव को लेकर गुरुवार से ट्रेनिंग शुरू की जा रही है, जिसकी सूचना सभी कर्मचारी और अधिकारियों को दे दी गई है। अगर कोई कर्मचारी बिना सूचना दिए ट्रेनिंग से गायब रहता है, तो उसके खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई की जाएगी। सभी को ट्रेनिंग लेना जरूरी है।

## चुनाव ड्यूटी पर नहीं पहुंचे पांच कर्मचारियों को किया निलंबित

विधानसभा चुनाव में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयोग के आदेशों का पालन न करते हुए पांच कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। आशीष सिंह ने बताया कि आयोग ने शासकीय कर्मचारी गोपाल प्रसाद शर्मा, शुभम जाधव, अमर यादव, मोहनलाल कश्यप और रमेश वानखेड़े की चुनाव ड्यूटी लगाई थी, लेकिन यह पांचों तय की गई ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इससे उन पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि विधानसभा चुनाव मप्र के लोकतंत्र का पर्व है। इस पर्व को उत्सव के रूप में मनाने के लिए तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों व संस्थाओं के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। शहर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन भी कॉलेजों में शुरू कर दिए गए हैं। जहां नव मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में अपने एक कमती वोट की आहूति देने के लिए अपील की जा रही है।

## पिता से मारपीट करने वाले बेटे को एक साल की जेल, 1 हजार रुपए जुर्माना

**भोपाल।** पिता के साथ मारपीट करने वाले बेटे को न्यायालय ने एक साल के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह रघुवंशी की अदालत ने सुनाया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रियंका उपाध्याय द्वारा की गई है।

लोक अभियोजन के अनुसार, घटना 7 अक्टूबर 2012 की है। पीड़ित पिता ने अशोका गार्डन थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह जब अपने घर में थे तभी बेटा संजय आकर पूछने लगा कि पड़ोसी के साथ क्यों खड़ा था। जिस पर पिता ने जवाब दिया कि वह मकान किराए पर लेने की पूछ रहे थे। इसी बात पर से आरोपी ने अपने पिता के साथ गाली-गलौंच करने लगा और चप्पल से पीटने लगा। आरोपी ने कहा कि तूने कमरा देने का क्यो बोला, इस चार दीवारी के अंदर किसी का सामान नही आना चाहिए। आरोपी द्वारा की गई मारपीट से पिता घायल हो गया और आवाज लगाने पर पड़ोसी आ गए। इस दौरान आरोपी ने धमकी दी कि आज के बाद यहा दिख मत जाना नही तो जान से मार दूंगा। जिसके बाद पड़ोसी पिता को इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

## आचार संहिता : अब कलेक्टोरेट में जनता की सुनवाई बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने जनसुनवाई पर रोक लगा दी है। अब भोपाल समेत तमाम जिलों में कलेक्टर कार्यालय व अन्य दफ्तरों में आचार संहिता के प्रभावी रहने तक जनसुनवाई नहीं होगी। इस बारे में सभी विभागाध्यक्षों के साथ कमिश्नर और कलेक्टरों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कलेक्टर कार्यालय से लेकर अन्य विभागाध्यक्ष कार्यालयों में प्रति सप्ताह जनसुनवाई की व्यवस्था है। इसमें फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं और मौके पर ही उसका यथासंभव निराकरण किया जाता है। चूंकि, अब विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई है, इसलिए इस पर रोक लगा दी गई है। आचार संहिता से छूट के लिए जो प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजे जाने हैं, वे विभाग द्वारा सीधे नहीं भेजे जाएंगे। इसका परीक्षण पहले मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति करेगी और यदि छूट लेने का आवश्यक है तो फिर समिति की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसमें औचित्य भी बताना होगा। समिति का सदस्य सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव और जिस विभाग का प्रस्ताव है, उसके अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव सदस्य होंगे।

### विक्टिम फ्रेंडली थाने को मिला नया दर्जा

## अब देश का पहला आईएसओ पुलिस स्टेशन बना राजधानी का महिला थाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत भोपाल में बने विक्टिम फ्रेंडली महिला थाना को आइएसओ की टीम द्वारा मूल्यांकन एवं गुणवत्ता के आधार पर आइएसओ अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। राजधानी के कई आला अधिकारियों की मौजूदगी में इसे आइएसओ 9001-2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। भोपाल का महिला थाना प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का पहला आइएसओ 9001-2015 सर्टिफाइड थाना बन गया है।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने कहा कि महिला अपराधों पर अंकुश के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के तहत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि महिलाओं की समस्याओं के लिए सभी थानों में ऊर्जा हेल्प डेस्क सक्रिय है लेकिन यह महिला संबंधी अपराधों के निराकरण में प्रमुख केंद्र के रूप में है, इसलिए इस थाने को इसके अनुरूप बनाया गया है। उम्मीद है कि यह प्रयास महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम में उनके प्रभावी ढंग से निराकरण में काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए महिला थाने के समस्त स्टाफ को बधाई दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पीएसओ टू डीजीपी डा. विनीत कपूर, पुलिस उपायुक्त आरएस प्रजापति, पुलिस उपायुक्त रामजी श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त पद्म विलोचन शुक्ल, पुलिस उपायुक्त संजय अग्रवाल एवं आइएसओ से हेमलता शर्मा और उनकी टीम अन्य अधिकारी व महिला थाना/महिला सेल का स्टाफ मौजूद रहे।

## 10 हजार छात्रों ने लिया प्रवेश

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग का 8वां अतिरिक्त चरण जारी किया था, जो बीते दिन खत्म हो गया। इस चरण में यूजी और पीजी को मिलाकर कुल करीब 10 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। 8वें चरण की सीएलसी में यूजी और पीजी के लिए कॉलेज में ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 9 से 11 अक्टूबर थी। अब स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अपग्रेडेशन से रिक्त सीटों पर आवंटित आवेदकों द्वारा संबंधित कॉलेज में ऑनलाइन फीस का भुगतान 12 से 14 अक्टूबर के बीच किया जा सकेगा। यहां ध्यान रहे कि प्रदेश के कुल 1373 कॉलेजों में इस साल अधिक सीटें होने से अब तक करीब साढ़े तीन लाख से 'यादा सीटें खाली रह गई हैं।

### 95 अवैध रसोई गैस सिलेंडर जब्त...

भोपाल। टीटी नगर के स्मार्ट सिटी क्षेत्र में खंडहर पड़े आवासों में अवैध गैस रिफिलिंग स्टेशन संचालित किया जा रहा था। खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने यहां छापामार कार्रवाई की। जहां से टीम ने 95 अवैध रसोई गैस सिलेंडर जब्त करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## स्टॉक मार्केट की बारीकियां समझाने तीन दिनी शिविर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में तीन दिन का निःशुल्क स्टॉक मार्केट का तीन दिनी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ जयंत पटेल इन्ट्रा ट्रेडिंग, आप्शन ट्रेडिंग स्विंग, पाजीशनल, टेक्निकल एनालिसिस की बारीकियां समझाई जाएंगी। शिविर ए/14, हाउसिंग नं. 9, कम्यूनिटी हाल के पास, ओल्ड सब्जी मण्डी, संतनगर में शिविर आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। यह जानकारी देते हुए बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए 7470822287, 7000894288, 7000304160, 6261843457 पर संपर्क किया जा सकता है।

**मेट्रो एंकर**

### मेन रोड पर दोनों ओर अघोषित पार्किंग, सड़क पर लगता है जाम

# संतनगर के छोटे पार्किंग स्थल के प्रस्ताव पर अमल नहीं, मल्टी पार्किंग हुई फेल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

**संतनगर (बैरागढ़) लेन बनने के साथ शुरू हुई पार्किंग की समस्या मल्टी लेवल पार्किंग बनने के बाद भी खत्म नहीं हुई हैं। मेन रोड पर लोग ही वाहन खड़ा करते हैं। संतनगर में मल्टी पार्किंग तो बनाई गई, लेकिन वह खाली पड़ी रहती है। छोटे पार्किंग स्थल बनाने का प्रस्ताव नगर निगम ने बनाया था। उस पर काम शुरू नहीं हो सका है।**

मेन रोड महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास, शिव मंदिर गोल चक्रा के पास संत कंवररामजी की प्रतिमा स्थानांतरित कर दी जाए तो मेन रोड पर कुछ वाहन पार्क किए जा सकते हैं। गांधी प्रतिमा के पास अतिक्रमण के चलते खाली जगह भरी हुई है, जिसे खाली किया जा सकता है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास भी छोटी पार्किंग बनाई जा सकती है।

### छोटे पार्किंग स्थल नहीं

बता दे मुख्य मार्ग पर बीआरटीएस कॉरिडोर निर्माण के समय छोटे पार्किंग स्थल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन, कॉरिडोर बनने के बाद पार्किंग की समस्या मेन रोड पर खेल मैदान के सामने से कालिका चौराहे तक दोनों ओर बढ़ गई। नगर निगम ने पुरानी सब्जी मंडी हटाकर वहां मल्टीपार्किंग का निर्माण कर लिया लेकिन बाजार के मध्य में अब भी कोई पार्किंग स्थल नहीं है।

### क्या कहा दुकानदारों ने

दुकानदारों का कहना है कि बाजार में थोक खरीद करने आने वाले व्यापारी बाहर से आते हैं, वह अपने चार पहिया वाहन लाते हैं। पार्किंग वाहन खड़ा कर दुकार पर आएं फिर माल भरने के लिए पार्किंग में जाए यह संभव नहीं है। दो पाहिया लेकर आने वाले ग्राहकों से भी पार्किंग में वाहन खड़ा कर आने के लिए कहेंगे तो वह खरीदी नहीं करेगा।

Niine लाया है
कम दाम में ज्यादा कम्फर्ट
अब सिर्फ ₹32 में
CONSUMER OFFER
₹37 ₹32 SAVE ₹5
Niine Dry Comfort
XL 6 PADS 275 mm
+45mm LONGER*
Anti Leak Flow Channel
45mm ज्यादा लंबा
Niine XL पैड्स अब मिलेंगे रेगुलर पैड्स के दाम में । ये साधारण पैड्स के मुकाबले 45mm लंबे हैं और इनका अनोखा ड्राई कवर दे ज्यादा देर तक सुरक्षा बिना गीलेपन के एहसास के।
18001209999 | sales@niine.com | www.niine.com | Follow us @niineindia

### कलेक्टर और निर्वाचन टीम रखेगी नजर

# नवरात्र में पूजा के बहाने सभा नहीं कर सकेंगे प्रत्याशी, अनुमति जरूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता लग गई है। इधर शरदीय नवरात्रि का पर्व भी आने वाला है। ऐसे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने बड़ी चुनौती है। नवरात्र के समय में राजनेता, व प्रत्याशी पूजा के बहाने कहीं सभा या प्रचार तो नहीं कर रहे हैं। इसकी निगरानी भी कलेक्टर व चुनाव आयोग करेगा।**

नवरात्रि पर्व और दीपावली के त्यौहार के बीच प्रदेश में होने वाले चुनाव प्रचार में राजनेता पूजा के बहाने सभा नहीं कर सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धार्मिक स्थलों के मामले में भी चुनाव आयोग ने अपनी रणनीति साफ कर दी है। इसमें कहा है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान कलेक्टर और उनके अधीनस्थ अफसर किसी भी धार्मिक स्थल के परिसर में सभा की अनुमति नहीं दे सकेंगे। चुनाव आयोग ने इस मामले में सख्त हिदायत देते हुए अनुमति देते वक्त इसका ध्यान रखने को कहा है।

इसके साथ ही राजनीतिक दलों को जुलूस एवं रैली की अनुमति देने में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा कि जुलूस व रैली किन-किन मार्गों से गुजरेगी तथा उसका समापन कहां होगा। दो राजनीतिक दलों को एक ही समय में एक ही स्थान पर सभा की अनुमति नहीं होगी। सभाओं के बीच में कम से कम तीन घंटे का अंतर रखा जाएगा।

### इन भवनों का नहीं कर सकेंगे उपयोग

आयोग ने यह भी साफ कर दिया है कि चुनाव आचार संहिता के दायरे में जिलों और विकासखंड व अन्य स्थानों पर बनाए गए सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस भी रहेंगे। इन स्थलों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने कलेक्टरों को दिए हैं। इसमें कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जिले के सभी विश्राम भवनों को अधिग्रहित किया जाकर कार्यवाही की जाना है। विश्राम गृह भवनों के नियंत्रणकर्ता अधिकारी नियम और निर्देशों का पालन करेंगे। उन्हें कहा गया है कि विश्राम गृहों का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा।

मध्य प्रदेश निर्वाचन सदन

## कांग्रेस ने बैंस को हटाने उठाई मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को लेकर विवाद उठने लगे हैं। बैंस को हटाए जाने की मांग मप्र कांग्रेस ने की है। कांग्रेस ने मप्र में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव के लिए इसे जरूरी बताया है।



कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने ट्वीट कर ये मांग उठाई है। उन्होंने ट्वीट किया कि मध्यप्रदेश में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव कराने के लिए दो बार से एक्सटेंशन लेकर बैठे मुख्य सचिव इकबाल सिंह को निर्वाचन आयोग, भारत सरकार को तत्काल प्रभाव से अपने पद से हटाना चाहिए। इनके रहते निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकेंगे। मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दो जून 2023 को विधानसभा चुनाव के दिशा-निर्देशों को लेकर लिखे पत्र के सातवें बिंदु में स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव संबंधी कार्यों में संविदा या एक्सटेन्शन वाले किसी भी अधिकारी कर्मचारी को नहीं लगाया जाए। ऐसे में इन्हें हटाया जाना चाहिए। साथ ही बैतूल कलेक्टर को को भी हटाने की मांग की है।

## एनएलआईयू के छात्र हुए मानव अधिकार आयोग की कार्यप्रणाली से अवगत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) भोपाल के विधि स्नातक विद्यार्थियों द्वारा मप्र मानव अधिकार आयोग के कार्यालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों के 30-30 के दो समूहों ने आयोग कार्यालय का भ्रमण किया एवं मानव अधिकार तथा आयोग की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। आयोग के सभाकक्ष में विद्यार्थियों का परिचय हुआ। इसके उपरान्त आयोग के गठन एवं कार्यप्रणाली के सम्बन्ध मे शोध अधिकारी संजय विश्वकर्मा द्वारा जानकारी दी गई। आयोग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी. शर्मा, उप सचिव आशीष श्रीवास्तव द्वारा मानव अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। आयोग में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक राजेश गुरू एवं सुनील कुमार लाटा द्वारा प्रोजेक्टर पर पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध मे डिमॉन्सट्रेशन दिया गया। ए.डी.जी. शर्मा द्वारा विभिन्न केसेस के माध्यम से एफआईआर, गिरफ्तारी, अभिरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

## 6 माह बाद आरएसके ने जारी किए 5वीं-8वीं की मार्कशीट के आदेश अब जिलों में प्रिंट होंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) द्वारा अप्रैल में बोर्ड पैटर्न पर कराई गई 5-8वीं की वार्षिक परीक्षा की मार्कशीट को लेकर अब करीब 6 माह बाद आदेश जारी किए है। इसके साथ ही आरएसके ने मार्कशीट को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निजी स्कूलों का शुल्क भी तय किया है।

अब मार्कशीट नवंबर माह में ही बच्चों तक पहुंच पाएंगी। आरएसके द्वारा सभी जिला परियोजना समन्वयकों को प्री-प्रिंट फॉर्मेट और मूल फार्मेट दो प्रकार के फार्मेट उपलब्ध कराए गए हैं। आपरेटर पहले प्री फॉर्मेट में प्रिंट निकालेंगे, फिर मूल फॉर्मेट में मार्कशीट प्रिंट कर स्कूलों को सौंपेंगे। वहीं प्राइवेट स्कूल संचालकों दर्ज बच्चों की संख्या के अनुसार परीक्षा शुल्क देने के बाद ही मार्कशीट मिल पाएगी।

### 18.71 लाख स्टूडेंट पास हुए हैं

उल्लेखनीय है कि पिछले सत्र तक प्राइवेट स्कूलों में 5वीं और 8वीं का लोकल एग्जाम होता था और स्कूल अपनी प्रिंटेड मार्कशीट देते थे। लेकिन इस सत्र से आरएसके ने सरकारी स्कूलों के साथ ही प्राइवेट स्कूल और मदरसे भी शामिल कर बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें दोनों कक्षाओं में करीब 18.71 लाख स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके चलते इन स्कूलों को उम्मीद भी की 10वीं-12वीं की तरह आरएसके भी बच्चों को अपनी प्रिंटेड मार्कशीट देगा। लेकिन आरएसके ने परीक्षा के रिजल्ट के बाद मार्कशीट को ऑनलाइन अपलोड कर अपना पल्ला झाड़ लिया था। यदि समय से अंक सूची उपलब्ध नहीं कराई जाती, तो बोर्ड पैटर्न का नियम समाप्त किया जाए-प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि आरएसके द्वारा इस बार 5वीं-8वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा कराई गई, लेकिन यह अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार हो गई। आरएसके की लापरवाही से विद्यार्थी और शिक्षक परेशान हो रहे हैं। जब बोर्ड परीक्षा कराई है तो मार्कशीट भी देना चाहिए। आधा सत्र बीतने के बाद भी मार्कशीट नहीं मिल पाई है। जिन बच्चों को अन्यत्र प्रवेश लेना है, वह अभी तक मार्कशीट का इंतजार कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मांग की थी कि यदि समय से अंक सूची बच्चों को नहीं उपलब्ध कराई जाती है, तो बोर्ड पैटर्न का नियम समाप्त किया जाए।

MODEL HIGHER SECONDA
T.T. NAGAR BHOPAL

## मॉडल स्कूल के छात्र वैदिक तिवारी ने शॉट पुट में जीता गोल्ड मेडल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र शासन द्वारा आयोजित खेलो एम.पी में खेलो आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शॉट पुट इवेंट में 17.81 मीटर गोला फेंक कर मॉडल स्कूल के छात्र वैदिक तिवारी ने जिला स्तर से राज्य स्तर तक प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। साथ ही 67वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल हासिल कर अपना चयन राष्टीय स्तर के लिए सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव खेल अधिकारी दीवान चंद मौली एवं समस्त स्टाफ में बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### सीएम ने किया रोड शो...

**भोपाल।** पुराने भोपाल के काजी कैंप टीला जमालपुरा भोपाल उत्तर के प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोड शो किया।

## 250 कर्मचारियों ने मांगा अवकाश, वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिन 250 अधिकारी, कर्मचारियों ने अलग–अलग कारण बताकर अवकाश मांगा है, उनमें से कई कर्मचारियों के आवेदन निरस्त कर दिए हैं तो कुछ को चेतावनी दी है। साथ ही कुछ को समझाइश देते हुए कहा है कि चुनाव जरूरी है और इसमें काम करना ही एकमात्र विकल्प है।**

### चुनाव को लेकर प्रशासन सख्त

### 200 वाहन कार्यवाही के दायरे में

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से लेकर अब तक अकेले भोपाल शहर में 200 वाहनों पर कार्यवाही की गई है। इनमें से ज्यादातर पर नियमों का पालन नहीं करने के संबंध में चालान काटे हैं तो कुछ में लगे हूटरों को सख्ती से उतरवा दिया है। जिन पर कार्यवाही की है, उनमें राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। बुधवार को एक सांसद के वाहन के खिलाफ भी कार्यवाही की है।

**मेट्रो एंकर**

### स्वास्थ्य आयुक्त से मांगी रिपोर्ट,

# जेपी की मशीन में करंट की जांच कराएगा आयोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला जेपी अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर में लगी सी आर्म मशीन में करंट आने का है। जिसके चलते 10 दिनों से हड्डियों से जुड़ी सर्जरी नहीं पो पा रही है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने आयुक्त, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.) संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं।**

जय प्रकाश चिकित्सालय

इसके साथ ही आयोग ने अस्पताल की सी आर्म मशीन के सम्बन्ध में अस्पताल के कर्मचारियों, अधिकारियों चिकित्सक एवं सिविल सर्जन जय प्रकाश अस्पताल में विरोधाभाषी तथ्यों के संबंध में वास्तविकता एवं मरीजों को असुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।

### निगम अमले पर हमला

राजधानी के ट्रासंपोर्ट नगर में बीते सोमवार सुअर पकड़ने गए निगम अमले पर सुअर पालकों ने हमला कर दिया और वार्ड 62 के दरोगा को जान से मारने की भी धमकी दी। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने पुलिस कमिश्नर से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में 15 दिन मे जवाब मांगा है।

Trishul
LOVING YOUR CLOTHES AS YOU DO.
with the all new Trishul Ultra wash
DETERGENT POWDER & BAR
Trishul
Ultra Wash
डिटर्जेंट पाउडर
सुविधा की धुलाई
Trishul
Ultra Wash

## सुविचार

अकेले हो तो
विचारों पर
काबू रखो और
सबके साथ
हो तो जुबान
पर काबू
रखो।

-अज्ञात

## संपादकीय

# राजनीति की नई हवा ज्यादा साफ हो

पिछड़ा वर्ग यानि ओबीसी को समाज की मुख्यधारा में लाने के नाम पर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की राजनीति ने कुछ सवाल पैदा किये हैं। इसमें मुख्य बात यह है कि इस मसले को राजनीति का मुख्य केंद्र बनाने के नतीजे में देश और समाज में कौन-सी नई परिस्थितियां पैदा होंगी और उसमें वास्तविक न्याय कितना सुनिश्चित होगा। यह सही है कि जाति भारतीय समाज की एक हकीकत रही है और समूचे सत्ता संरचना और तंत्र के स्तर पर एक बड़े सामाजिक समूहों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकी। आजादी के बाद से ही सत्ता संभालने वाली अमूमन सभी सरकारों की अपनाई गई वे नीतियां जिम्मेदार हैं, जिनमें घोषणाएं तो समूची जनता का हित तय करने के लिए की गईं, लेकिन व्यवहार में समाज का ज्यादातर हिस्सा जनकल्याण की योजनाओं के वास्तविक लाभों के दायरे से बाहर ही रहा। आजादी के साढे सात दशक बाद भी नेताओं का जातिराग अजब लगता है। हाल में बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े आने के बाद अब यह एक तरह से राष्ट्रीय चुनावी राजनीति का एक अहम औजार मान लिया गया है और खासतौर पर विपक्षी गठबंधन इसे अपने हक में कारगर मुद्दे के तौर पर देख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस पर अपने रुख से यह लगभग साफ कर दिया है कि 2024 के आम चुनाव में जाति का सवाल उनकी पार्टी और गठबंधन के लिए सबसे प्रमुख मुद्दा होने जा रहा है। यह भाजपा के कमंडल के सामने कांग्रेस का मंडल पार्ट टू माना जा रहा है। कांग्रेस ने जाति जनगणना को देश का 'एक्स-रे' करार दिया और कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की दशा को उजागर करेगा, जो 'घायल' है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार को यह कवायद कराने के लिए मजबूर करेगी। अपनी नई राजनीति में कोंस व राहुल ने जाति जनगणना को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए यह साफ कर दिया है कि वे वंचित सामाजिक तबकों को उनका अधिकार दिलाने पर जोर देंगे। यदि राहुल और उनकी पार्टी जाति को केंद्र में रख कर राजनीति की दिशा तय करने का संकेत दे रहे हैं तो यह अतीत में उनकी पार्टी की ओर से हुई 'चूक' की स्वीकारोक्ति भी मानी जा सकती है। जाति आधारित जनगणना का मकसद अगर हर स्तर पर वंचित रह गए सामाजिक समूहों की पहचान और इसके कारणों की पड़ताल कर एक समावेशी व्यवस्था तैयार करने के रूप में अमल में आता है, तो इससे किसी को असहमति नहीं होगी। कोई भी इंसाफ-पसंद व्यक्ति और समूह यही चाहेगा। वंचित सामाजिक तबकों के लिए न्याय और भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयासों से कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन इसके लिए जाति जनगणना या इसके आंकड़े को अगर जातिगत विभाजन को और मजबूत करने का हथियार बनाया जाता है तो आने वाले वक्त में कैसी तस्वीर तैयार होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। देश में यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शायद सभी जाति-वर्गों के तमाम संवेदनशील लोगों की यह इच्छा ही उभरती है कि जाति की दीवारें टूटें और यह व्यवस्था खत्म हो। शहरों-महानगरों में ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो निजी जीवन और भविष्य के मामले में खुद से संबंधित किसी फैसले के संदर्भ में जाति-व्यवस्था के पारंपरिक पैमाने को मानने के लिए तैयार नहीं है। लिहाजा जरूरत इस नई हवा को और साफ करने की है, जिसमें जाति की जड़ता से जुड़े पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों की कोई जगह न हो और सभी न्याय आधारित भागीदारी का स्वागत करें। इसमें देश के सभी राजनीतिक दलों की मुख्य जिम्मेदारी बनती है।

## कविता

### दे रहे हैं न्यौता !

-कृष्णेन्द्र राय

होगा फिर से स्वागत।
है आया बयान ।।
आकर के तो देखें।
मिलना तय सम्मान ।।
दे रहे हैं न्यौता।
कर सकते प्रवेश ।।
हैं वो अब स्वतंत्र।
ना है कोई क्लेश ।।
फिर मिलेगा उनको।
पहले वाला प्यार ।।
गए थे वो खुद ही।
करें पुनः विचार ।।
ना कोई आपत्ति।
और नहीं प्रतिबंध ।।
सोच सकते नया कुछ।
करने को प्रारंभ ।।

## आज का इतिहास

- **1492** – क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिका के पास बहामास द्वीपसमूह में उतरे। उसे लगा कि वह भारत पहुंच गया है।
- **1692** – मैसाचुसेट्स के गवर्नर विलियम फिप्स ने सलेम विच ट्रायल को समाप्त करने वाला एक पत्र भेजा।
- **1711** – कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।
- **1776** – ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।
- **1792** – अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।
- **1792** – न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।
- **1798** – फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।
- **1799** – जैनने गेनेविएवे लबरोस्से 900 मीटर की ऊंचाई से एक पैराशूट के साथ एक गुब्बारा से कूदने वाली पहली महिला बनी।
- **1815** – नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मृत्यु की सजा सुनाई।
- **1822** – ब्राजील के पेड्रो-प्रथम को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया।
- **1847** – जर्मन आविष्कारक और उद्योगपति वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एजी और हल्स्के को की स्थापना की।
- **1850** – पहली महिला चिकित्सा विद्यालय (महिला मेडिकल कॉलेज ऑफ पेन्स) खोला गया।

**विनोद पाठक**

# संपूर्ण स्वदेशीकरण के बिना मजबूत इंडियन एयरफोर्स का सपना अधूरा

26 फरवरी 2019 को इंडियन एयरफोर्स के मिराज-2000 लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर बालाकोट में बमबारी की थी। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद यह पहला अवसर था, जब हमारी एयरफोर्स इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर पाकिस्तान में घुसी, लेकिन अगले ही दिन पाकिस्तानी एयरफोर्स ने जवाबी हमला बोला था, जिसमें मिग-21 फाइटर प्लेन उड़ा रहे भारतीय पायलट अभिनंदन को पाकिस्तानी एयरफोर्स ने मार गिराया था। अभिनंदन अपने मिग-21 समेत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर गिरे थे। पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट्स से मुकाबला करने के लिए हमारा मिग-21 बेहद पुराना विमान था। उस समय इंडियन एयरफोर्स को बियॉन्ड द रेंज मिसाइल और अत्याधुनिक फाइटर जेट्स की कमी महसूस हुई थी।

पिछले कुछ वर्षों में इंडियन एयरफोर्स के आधुनिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं, लेकिन देश की सबसे नवीनतम फोर्स का संपूर्ण स्वदेशीकरण समय की मांग है। उसके बिना मजबूत एयरफोर्स का सपना अधूरा है।

ब्रिटिश इंडिया के समय अंग्रेजों ने एयरफोर्स का 8 अक्तूबर 1932 को गठन किया था। मार्च 1945 में इसे रॉयल इंडियन एयरफोर्स का नाम दिया गया। वर्ष 1950 में इसे इंडियन एयरफोर्स कर दिया गया। इंडियन एयरफोर्स ने आजादी के बाद वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध को छोड़कर सभी कॉम्बैक्ट ऑपरेशन्स में भाग लिया है। वर्ष 1962 में इंडियन एयरफोर्स का इस्तेमाल केवल ट्रांसपोटेशन के लिए हुआ था। भारत-पाकिस्तान का 1947-48, 1965, 1971 या 1999 का कारगिल युद्ध हो, इंडियन एयरफोर्स ने सभी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाने में इंडियन एयरफोर्स की अहम भूमिका थी।विडंबना यह है कि हम आज अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने में सक्षम हो गए हैं, लेकिन फाइटर जेट्स का इंजन बनाना सपना है। फाइटर जेट्स हों, हेलीकॉप्टर या मालवाहक विमान, हम पूरी तरह रूस, फ्रांस, अमेरिका जैसे देशों पर निर्भर हैं। स्वदेशी तेजस फाइटर जेट का प्रोग्राम हमने 1984 में शुरू किया था, लेकिन 30 साल बाद ही हम तेजस को इंडियन एयरफोर्स में शामिल कर सके।

पिछले दिनों मिग-21 को रिप्लेस करने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 100 तेजस का ऑर्डर दिया है। हालांकि, तेजस भी इंजन से लेकर कई उपकरणों को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर है। वर्तमान में जहां तक इंडियन एयरफोर्स के लड़ाकू बेड़े की बात है तो राफेल, जो 4.5 जनरेशन का लड़ाकू विमान है, के अलावा सुखोई-30 एमकेआई, मिराज 2000, मिग-29, तेजस और मिग-21 इसमें शामिल हैं। फ्लाइंग कॉफिन के नाम से मशहूर बूढ़े मिग-21 को इंडियन एयरफोर्स सेवा से हटा रही है। सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000 और मिग-29 भी पुराने हो चुके हैं। तेजस को रणभूमि में आजमाया जाना है। जिस तरह से चीन और पाकिस्तान से चुनौती मिल रही है, हमें इंडियन एयरफोर्स के उपकरणों को लेकर 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। जैसे हमने अंतरिक्ष में अपनी ताकत को बढ़ाया और रॉकेट के इंजन बनाए, वैसे ही हमें फाइटर जेट्स का स्वदेशी इंजन बनाने में कामयाबी हासिल करनी होगी।

इंडियन एयरफोर्स के लिए मिसाइल सिस्टम तैयार करने की जरूरत है। पिछले दिनों अस्त्र मिसाइल को राफेल में लगाने की बात कही गई। ऐसे प्रयास और भी होने चाहिए। मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई जैसे फाइटर जेट्स को हम रूस के सहयोग से भारत में बना रहे हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तकनीकी सहयोग की कमी महसूस की गई। जिस तरह आज इजराइल युद्ध में फंसा है, यदि आज भारत को इजराइल से सैन्य सहयोग की जरूरत पड़े तो हमें निराशा होना पड़ेगा।

पिछले कुछ सालों में हमने फ्रांस से राफेल खरीदे हैं, जिन्हें भारत में बनाया भी जाएगा, लेकिन जब तक आधुनिक मशीनों का संपूर्ण स्वदेशीकरण नहीं होगा, तब तक हम एक कामयाब एयरफोर्स नहीं बन पाएंगे।

इंडियन एयरफोर्स अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि जब हम इंडियन एयरफोर्स का 100वां स्थापना दिवस मनाएं तो परेड में विदेश नहीं, स्वदेशी मशीनें उड़ान भर रही हों।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

---

**ले.जनरल प्रकाश मेनन रि.**

# जब तक मोदी का 'विज़न' यू-टर्न नहीं लेता, मणिपुर हिंसा दूर नहीं होगी

मई में हिंसा भड़कने के बाद से गेंद मोदी के पाले में है। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें उम्मीद है कि मणिपुरियों की पीड़ा चुनावों के शोरगुल में दब जायेगी।

मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम या एएफएसपीए का हालिया छह महीने का विस्तार प्रक्रियात्मक और नियमित लग रहा था। आख़िरकार, इरोम शर्मिला के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के बाद, 2004 से इंफाल नगर पालिका को छोड़कर, पूरे राज्य को 1999 से लगातार अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है. राष्ट्रीय और मणिपुर दोनों स्तरों पर, राज्य की कठोर शक्ति के साधन के रूप में इसके उपयोग के खिलाफ कई कॉल्स के बावजूद एएफएसपीए कायम है। 2022 में, गृह मंत्रालय ने सभी सात पूर्वोत्तर राज्यों में एएफएसपीए की समीक्षा की और उन क्षेत्रों में संशोधन किए जहां यह अधिनियम लागू था. मणिपुर में, छह जिलों के 15 पुलिस स्टेशनों से अशांत क्षेत्र की अधिसूचना हटा दी गई, जिससे 16 जिलों के 82 पुलिस स्टेशनों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को अभी भी 'अशांत' के रूप में नामित किया गया है। मार्च 2023 तक, चार पुलिस स्टेशनों के क्षेत्राधिकार को एएफएसपीए से मुक्त कर दिया गया, जिससे कुल 19 पुलिस स्टेशन ऐसे हो गए जहां एएफएसपीए लागू नहीं था. ध्यान देने वाली बात यह है कि ये सभी मैतेई बहुल इलाके हैं. मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा दूरदर्शी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के तहत मणिपुर की सरकार राज्य की कानून-व्यवस्था में लगातार सुधार के लिए काम कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता से, राज्य सरकार कई भूमिगत संगठनों और विद्रोही समूहों को शांति वार्ता के लिए बात करने या आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए मनाने में सक्षम रही है। इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप राज्य पुलिस बलों की बढ़ी हुई क्षमता के साथ विद्रोही गतिविधियों में कमी आई है।

हालांकि, केवल तीन महीने बाद, मोदी का 'विज़न', शाह का 'समर्थन', पुलिस की प्रभावशीलता और शांति कायम करने के लिए उठाए गए कदम धरे के धरे रह गए. स्पष्ट प्रश्न यह है ऐसा आशावाद एक अल्पकालिक मृगतृष्णा क्यों साबित हुआ? जातीय संघर्ष की आग भड़काने के लिए ट्रिगर के रूप में मणिपुर उच्च न्यायालय का एक फैसले ने किया, जिसमें राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को आदिवासी का दर्जा देने का निर्देश दिया गया था.अदालत का आदेश 29 मार्च को आया था, लेकिन इसे 19 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया. जब मार्च में एएफएसपीए के तहत क्षेत्रों को कम किया गया और पांच पुलिस स्टेशन जोड़े गए, तो केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को उनकी खुफिया एजेंसियों के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया होगा कि जातीय तनाव बढ़ेगा और हिंसा एक संभावित परिणाम होगी। फिर भी, जब मई की शुरुआत में हिंसा भड़की, तो केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर राजनीतिक नेतृत्व ने प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने इंफाल घाटी में कुकी-जो कम्युनिटी के लोगों के जातीय सफाए को अनुमति देकर वे परोक्ष रूप से पक्षपातपूर्ण हो गए। इससे भी बुरी बात यह है कि स्थानीय पुलिस ने, राज्य के राजनीतिक नेतृत्व की मौन मिलीभगत से, व्यावहारिक रूप से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मेतैइयों को सौंप दिया. लूटपाट के दौरान एक भी राउंड गोली नहीं चली और न ही किसी को चोट आई। हिंसा भड़कने और यह जानकारी होने के बाद भी कि हजारों लूटे गए हथियार व गोला-बारूद मुख्य रूप से मैतेइयों के पास थे, 19 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र से एएफएसपीए को हटाना, इन हथियारों को बरामद करने में दोनों सरकारों की ओर से गंभीरता की कमी को इंगित करती है. जो कि हिंसा को नियंत्रित करने और राजनीतिक वार्ता शुरू करने के लिए एक स्पष्ट शर्त है।

कुकी-ज़ो की ओर से, यह बताया गया है कि संघ, राज्य और लगभग तीस कुकी विद्रोही समूहों (दिसंबर 2022 में शामिल दो समूहों सहित) के बीच 2008 में हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता, जिसे सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस के रूप में जाना जाता है, अब मुख्य रूप से कागज़ों पर ही मौजूद है. जबकि निर्दिष्ट शिविरों में कैडरों की उनके हथियारों सहित छिटपुट संयुक्त जांच की जा रही है, हिंसा के चल रहे चक्र में उनकी भागीदारी के संकेत हैं.शरण प्रदान करने वाले शिविरों में, शिविर को गुप्त रूप से छोड़ना और मैतेई के खिलाफ हिट-एंड-रन हमलों को अंजाम देना बहुत आसान है, जो शायद अपनाई जाने वाली रणनीति है। चूंकि संचालन पर रोक अभी भी जारी है, सरकार समझौते से बंधी है और शिविरों के खिलाफ अभियान शुरू नहीं कर सकती है। कठिन आंतरिक सुरक्षा स्थितियों में, कठोर शक्ति की वैध भूमिका हिंसा को नियंत्रण में लाना है, जिससे राजनीतिक बातचीत हो सके. संघर्ष में शामिल किसी भी पक्ष के पक्ष में एकतरफा समाधान राज्य की कठोर शक्ति का पक्षपातपूर्ण तरीके से उपयोग करके नहीं थोपा जाना चाहिए. ऐसा दृष्टिकोण गुजरात में मुस्लिम समुदाय के साथ काम कर सकता है, लेकिन हथियारों का सहारा लेने का इतिहास रखने वाले कुकी आदिवासियों के साथ इसके सफल होने की उम्मीद करना एक भ्रम है, जैसा कि मणिपुर में हिंसा के चल रहे चक्र से पता चलता है।

राज्य सरकार और उसके पुलिस बलों की पक्षपात समाप्त किए बिना और लूटे गए हथियारों और गोला-बारूद को बरामद किए बिना हिंसा पर काबू नहीं पाया जा सकता है. ये दोनों उपाय राज्य सरकार को बर्खास्त करने और पूरे राज्य में एएफएसपीए के विस्तार की मांग करते हैं। जबकि हथियारों की बरामदगी कथित तौर पर सेना, असम राइफल्स, केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीपीएमएफ) और संयुक्त कमान की देखरेख में चल रही स्थानीय पुलिस के साथ शुरू हो गई है, 19 पुलिस स्टेशन क्षेत्रों का अस्तित्व व्यावहारिक रूप से सेना के लिए पहुंच के बाहर है और असम राइफल्स लूटे गए हथियारों के लिए पर्याप्त छिपने की जगह उपलब्ध कराता है. कुकी की ओर, उनके निर्दिष्ट शिविर सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं. जाहिर है, उन्होंने बहुत कम मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है, जिसे 'ऊंट के मुंह में जीरा' जैसा कहा जा सकता है. हालांकि, रिकवरी की प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए, जिसके लंबे समय तक चलने की उम्मीद है, एक आवश्यक शर्त केंद्र का शासन लागू करना है।

हालांकि, सत्ता में भाजपा सरकार को बर्खास्त न करके, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय हितों पर पार्टी हितों को प्राथमिकता दी है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि मणिपुर की स्थिति लंबे समय से चले आ रहे आदिवासी मुद्दों, विशेष रूप से मिज़ोस, नागा और इसी तरह के जातीय मुद्दों से जुड़ी हुई है खासकर म्यांमार में सीमा पार समूह, जिनमें से कुछ ने मिजोरम और मणिपुर में शरण ली है। इसलिए, जब तक मोदी का दृष्टिकोण मणिपुर में हिंसा से निपटने के मामले में यू-टर्न नहीं लेता, सामान्य स्थिति की दिशा में प्रगति की संभावना नहीं है। मई में हिंसा भड़कने के बाद से गेंद काफी हद तक प्रधानमंत्री के पाले में है. लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें उम्मीद है कि मणिपुरियों की पीड़ा राज्य और राष्ट्रीय चुनावों के शोरगुल में दब जाएगी. यदि ऐसा मामला है, तो यह शासन-कला के व्यवहार में अदूरदर्शिता का एक निंदनीय और अत्यधिक शोचनीय कार्य हो सकता है।

**(साभार : लेखक तक्षशिला संस्थान में निदेशक, रणनीतिक अध्ययन कार्यक्रम; पूर्व सैन्य सलाहकार, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय हैं. यह उनके विचार हैं।)**

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नाम निर्देशन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण..

# तत्परता व सतर्कता से नाम निर्देशन प्रक्रिया संपन्न कराने अफसरों को निर्देश

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

**सभी अफसर पूरी तत्परता और सतर्कता से नाम निर्देशन प्रक्रिया संपन्न कराएं। प्रक्रिया के दौरान आवेदन से संबंधित सभी बिंदुओं पर विशेष सावधानी बरतें। नाम निर्देशन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं।**

बुधवार को कलेक्टोरेट में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की उपस्थित में नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नाम निर्देशन कार्य की वीडियोग्राफी,नाम निर्देशन क्षेत्र एवं नाम निर्देशन पत्र की संख्या , अभ्यार्थी के लंबित आपराधिक प्रकरण , कनविक्शन के प्रकरण, चल अचल संपत्ति की जानकारी। प्रस्तावक की संख्या,नाम निर्देशन पर अभ्यर्थी एवं प्रस्तावकों के हस्ताक्षर, अभ्यार्थी और प्रस्तावकों के मतदाता सूची में नाम और अन्य विवरण , अभ्यार्थी के फोटोग्राफ, निक्षेप राशि, शासकीय सेवा से बर्खास्त व्यक्ति द्वारा नाम निर्देशन पत्र , राजनैतिक दलों द्वारा अधिकृत अभ्यर्थी, शपथ प्रतिज्ञान , फॉर्म 26 दाखिल किया जाना, नाम निर्देशन की प्रारंभिक जांच,आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आगामी 21 अक्टूबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जायेगी, नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य भी इसी दिन से प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जायेगी। अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि 2 नवम्बर निर्धारित की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान आगामी 17 नवम्बर को होगा तथा मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को सम्पन्न होगी।

## मादक द्रव्यों के धारण के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**नर्मदापुरम।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक मादक द्रव्यों का धारण नहीं किया जाए। निर्धारित सीमा के अनुसार देशी मदिरा 1500 मिलीलीटर, विदेशी मदिरा स्प्रिट 4 क्वार्टर बोतल, विदेशी मदिरा बीयर 12 क्वार्टर बोतल, बाईन 6 क्वार्टर बोतल एवं भांग 115 ग्राम तक की अधिकतम सीमा है। जिला आबकारी अधिकारीअरविन्द सागर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि उपरोक्त सीमा से अधिक मादक द्रव्यों का धारण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी ने जिले के सभी देशी, विदेशी मदिरा दुकानों के लाइसेंसियों को आदेशित किया है कि वे प्रति व्यक्ति आधिपत्य की सीमा से अधिक मदिरा का विक्रय मदिरा दुकानों से न करे अन्यथा की स्थिति में लाइसेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## सामूहिक दुआ के साथ कलमे शाह दाता के उर्स का हुआ समापन

**नर्मदापुरम ,दोपहर मेट्रो**

**कलमेशाह दाता सरकार के उर्स के पांचवे और अंतिम दिन समापन हुआ. उर्स का आग़ाज़ पांच दिन पूर्व पीडब्लूडी दफ्तर के पास हज़रत कलमे शाह दाता की दरगाह पर ध्वज पेश होने के साथ हुआ। इसी क्रम में शाही संदल निकला जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस दरगाह शरीफ पहुंचा जहाँ आलमे इंसानियत के लिए दुआ खेर की गयी !**

उर्स का समापन कुल की फातेहा ,रस्मे दस्तारबंदी और सामूहिक दुआ के साथ हुआ. जिसमे शहर और जिले से आये जायरीन ने अक़ीदत और मोहब्बत के साथ अपनी आस्था व्यक्त की. कार्यक्रम मे शहर काजी अशफाक साहब , वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल फौजदार , फैजान उल हक, जब्बार खान, बिट्टू बाबा, विजय वर्मा , अशफाक खान,सलीम खान, साकिर खान,नावेद कुरैशी,हबीब खान , जाकिर खान, युसूफ ताजी, नुरु भाई, अलीम शमीम अख्तर साहब, रिजवान खान,मोहम्मद आमिर, गुलाम अली आक़ीब बाबा, शेरु बाबा, तोहिद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## बुधनी महाविद्यालय के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**सीहोर ,दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त सेक्टर क्रमांक-8 के सेक्टर अधिकारी को बिना अनुमति कार्य मुक्त करने पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बुधनी के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बुधनी के प्राचार्य द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी की बिना अनुमति के डॉ. एसएस यादव को भोपाल के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के लिए कार्य मुक्त किया गया है। तीन दिवस के भीतर समक्ष में जबाव प्रस्तुत नही करने पर अनुशसात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## सलकनपुर मंदिर तक निजी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**सीहोर,दोपहर मेट्रो**

नवरात्रि पर्व 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। नवरात्री पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर मंदिर पहुंचते है। नवरात्री पर्व पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अपर कलेक्टर श्री वृन्दावन सिंह ने सलकनपुर मंदिर के मुख्य मार्ग से मंदिर की ओर जाने वाले उपरी मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान केवल स्थानीय प्रशासन द्वारा अधिकृत टैक्सी वाहन ही मंदिर परिसर तक जा सकेंगे।

# दो तरफा खामोशी: नर्मदापुरम जिले के चारों विधायकों की टिकट लगभग तय !

**नर्मदापुरम ,दोपहर मेट्रो**

**चुनावी आचार संहिता तो लग गई है लेकिन जिले में दोनों पार्टी की ओर से अभी तक सभी उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए गए. जिले की सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक विजयपाल सिंह का नाम मजबूती से लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी पुन: उन्हें प्रत्याशी बना रही है। विधानसभा क्षेत्र पिपरिया सिवनी मालवा नर्मदापुरम से भाजपा किसे बनाएगी इसकी अभी तक अधिकृत घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा अपने सिटिंग एमएलए को ही प्रत्याशी बार बना रही है।**

कांग्रेस द्वारा जिले की सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी के नाम सहमति बनी है और संभव है उनका नाम भी उजागर कर दिया गया है. अन्य तीन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस किसे प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर अभी तक कोई भी स्पष्ट बात सामने नहीं आई।

### भाजपा से सोहागपुर विधायक विजयपाल का नाम तय
### अन्य तीन विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों को लेकर कयास जारी..
### कांग्रेस से सिवनी मालवामें रघुवंशी के आसार

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION OF INDIA

### गिरजा शंकर पर असमंजस..

भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए पंडित गिरजा शंकर शर्मा को लेकर चर्चा थी कि कांग्रेस उन्हें किसी भी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाएगी लेकिन यह संभावना अब बहुत कम दिखाई दे रही है. क्योंकि होशंगाबाद से डॉक्टर सीताशरण शर्मा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया तो गिरजा शंकर शर्मा को यहां से प्रत्याशी बनाना संभव नहीं क्योंकि उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाई के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके अलावा सिवनी मालवा और सोहागपुर विधानसभा सामान्य सीट है। सिवनी मालवा से ओमप्रकाश रघुवंशी का नाम लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में वहां से भी पंडित गिरजा शंकर शर्मा को प्रत्याशी नहीं बनाया जा सकता। रही बात सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की तो वहां सतपाल पलिया पिछले 5 सालों से सक्रिय है. पिछले चुनाव में सतपाल पलिया ने भाजपा प्रत्याशी की जीत का अंतर कम कर दिया था. ऐसे में सतपाल को वहाँ से प्रत्याशी न बनाना कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकता है.

## मीडिया मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण

**रायसेन ,दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय, कम्पोजिट भवन में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है। जिसमें पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नोडल अधिकारी एमसीएमसी तथा जिला जनसम्पर्क अधिकारी अनुभा सिंह से प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में पेड न्यूज की मॉनीटरिंग संबंधी कार्यो की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मॉनीटरिंग सेल में डयूटीरत कर्मचारियों से भी मॉनीटरिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और गंभीरता से कार्य सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग भी उपस्थित रहीं।

## विज्ञापन प्रमाणन के लिए राज्य स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन

**हरदा ,दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विज्ञापन प्रमाणन के लिए राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। राज्य की राजधानी में स्थित किसी भी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से एक विशेषज्ञ जो प्रथम श्रेणी अधिकारी के पद से अनिम्न श्रेणी का हो, उप निदेशक सीबीसी श्री शारिक नूर एवं एक मध्यस्थ सोशल मीडिया विशेषज्ञ जो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्धारित योग्यता अनुसार उप संचालक जनसम्पर्क श्री सुनील वर्मा को सदस्य बनाया गया है।

**मेट्रो एंकर** लंबे समय से थे बीमार

# सिवनी मालवा के पूर्व विधायक सरताज सिंह का निधन

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**

**पूर्व केंद्रीय मंत्री सरताज सिंह का आज सुबह निधन हो गया निधन की खबर सुनते ही सिवनी मालवा सहित पूरे नर्मदा पुरम जिले में शोक की लहर देखी गई। सरताज सिंह विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे उनका भोपाल के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वो 84 वर्ष के थे सिवनी मालवा की जनता उन्हें बाबूजी के नाम से संबोधित करती थी सिवनी मालवा विधानसभा से बाबू जी दो बार विधायक रहे जिसमें मध्य प्रदेश की सरकार में उन्हें वन मंत्री और लोक निर्माण विभाग के मंत्री का दायित्व सोपा गया ।**

जो उन्होंने बाखूबी निभाया और सिवनी मालवा विधानसभा में उनके कार्यकाल में विकास कार्य हुए हैं उसे जनता हमेशा हमेशा याद रखेगी वही केंद्र की 13 दिन की अटल बिहारी सरकार में भी केंद्री स्वास्थ्य मंत्री का दर्जा सरताज सिंह को मिला। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से 5 बार सांसद रहे बाबूजी के क्षेत्र में एक अलग ही कार्यशैली थी छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं से मिलना और निरंतर उनसे संपर्क बनाना यह उनकी कर कुशलता का सबसे बड़ा राज था। शादी विवाह श्रद्धांजलि चाहे कोई भी छोटा सा छोटा काम हो सरताज सिंह ऐसे व्यक्ति थे की छोटे से बुलावे पर वह हाजिर हो जाते थे यही वजह रही है कि उन्हें क्षेत्र की जनता ने पांच बार सांसद और दो बार विधायक बनाकर संसद भवन और विधानसभा तक पहुंचाआ सूत्रों की माने तो आज शाम तक भोपाल से उन्हें निज निवास इटारसी लाया जा सकता है।

# पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी 6 माह में पूरी करने के निर्देश

**सीहोर ,दोपहर मेट्रो**

**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा आदेशित किया गया हे कि मध्यप्रदेश में पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी गाये जाने की कार्यवाही 6 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गये उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 01 अप्रैल,2019 के उपरांत विक्रित वाहनों में भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिकृत एजेंसिया,डीलर,एचएसआरपी वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाए और 01 अप्रैल,2019 के पूर्व विक्रित वाहनों में भी एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाये जाने के लिए**

पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी जाने की कार्यवाई समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाये। राजय शासन द्वारा इसका विस्तृत प्रचार-प्रसार किया जाने के निर्देश दिये गये है ताकि आम जनता को इसकी अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके। समस्त कार्यवाही करने के लिए परिवहन आयुक्त, ग्वालियर को अधिकृत किया जाता।


दोपहर मेट्रो
Help Line

राम राजा सरकार जागरण ग्रुप

Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
- Estimation & Costing Work

101, First Floor, Eco Heights, B-Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.) | 8319503059

### कृषि विभाग बोला- फसलों का ज्यादा करें उपयोग

# कम बरसात ने किसानों की बढ़ाई चिंताएं

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

**पिछले वर्ष की तुलना में आधी बारिश होने के कारण वाटर लेवल भी अभी से नीचे पहुंचने लगा है गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है सूरज की चुभन और भी मुश्किल में बढ़ा रही है कई जगह तो खेत सूख गए हैं जमीन में बड़ी-बड़ी दरार है पढ़ रही हैं । इसके बाद कई किसानों के द्वारा सोयाबीन की कटाई हार्वेस्टर से करवाई जा रही है क्योंकि मजदूरों मिल नहीं रहे हैं जहां मिल रहें हैं हमसे फसल कटवाने में लागत अधिक आ रही है हार्वेस्टर से कटाई करवाने लागत कम आ रहीं हैं।**

#### कम पानी से आने वाली फसले की बोनी करें किसान

बारिश कम होने के कारण जमीन का वाटर लेवल भी इस बार नहीं पढ़ हर साल रहता था उतना नहीं बन पाया इसकी वजह से पानी देना प्रारंभ होने से पहले ही जमीन का बटार लेवल नीचे पहुंच गया है । आने वाले दिनों में और भी नीचे पहुंच जाएगा क्योंकि इस बार सिंचाई के लिए अधिकांश किसानों के द्वारा टूयेवेल का उपयोग किया जाएगा नहर चलती हुई नजर नहीं आ रही है ।इसलिए कृषि विभाग एसडीओ वीरेंद्र मालवीय ने बताया अधिकारी कि किसानों को रवि फसल में ऐसी फसलों का उपयोग ज्यादा मात्रा करना चाहिए जो कम पानी में अच्छी पैदावार दे सकती है इसमें मसूर की कई किस्में में है जो एक पानी में अच्छा उत्पादन दे सकती है । इसी तरह चने की वैराइटी भी आती है सरसों तेवड़ा बैटरी का उपयोग अधिक मात्रा में किसान कर सकते हैं । दूसरी ओर किसानों के पास एक या दो पानी देने की व्यवस्था हो तो शरबती गेहूं भी लगा सकते हैं। 1544 भी दो पानी में अच्छी पैदावार दे सकती है। किसानों को इस बार कम में आने वाली फसलों का ही ज्यादा मात्रा में उपयोग करना चाहिए वैसे दहलनी फसल कम में आ जाती है उसकी भी अच्छी-अच्छी वैरायटी इस समय बाजार में उपलब्ध है । किसानों भाई प्रमाणित बीजी ही खरीदना चाहिए गैर प्रमाण बीच का उपयोग ना करें जहां से भी बीच खरीदें वहां से पक्का बिल ले बीज उपचार भी करे ।

वही पानी कम करने के बाद भी खरीफफसल की पैदावार अधिकांश ग्रामों में अच्छी आने से किसानों के चेहरे पर खुशी भी ओर रबि को लेकर चिंता नहीं है। खेतों की नमी गायब होने से अगली फसल आने को लेकर उनकी चिंताएं इस समय सातवें आसमान पर पहुंच गई है। केथन डेम खाली पड़ा हुआ है नरेंद्र डैम के हाल भी ठीक नहीं है गांव के नदी नाले व नदियां भी खली दिखाई दे रही है। इसकी वजह से फसलों का पलेवा तो जैसे तैसे कर लेंगे पर आगे पानी दे पाना मुश्किल दिखाई दे रहा है। जिस तेजी से वाटर लेवल जमीन में गिर रहा है उसको देखते हुए हालात और भी ज्यादा खराब हो सकते हैं।

हार्वेस्टर से हो रही है। जमीन सूख जाने के बाद किसान इस समय खरीफफसल की कटाई हार्वेस्टर से करवा कर खेतों की सफाई भी करवा रहे हैं इससे जिन किसानों के खेतों में कचरा होता है उसकी उसकी भी कटाई हो जाती है। जमीन को जोतने में परेशानी नहीं होती है वैसे ही जमीन सूखने से पलेवा किसानों को करना पड़ेगा उसके बाद ही अगली फसल की बोनी हो पाएगी इसलिए किसान ज्यादा मात्रा में हार्वेस्टर से फसल निकलवाने में लगे हुए हैं । सोयाबीन का एवरेज तीन कुंटल बीघा से लेकर 6 कुंटल बीघा तक निकलने की जानकारी किसानों के द्वारा दी जा रही है। पिछले 3 साल से ऐसी फसल नहीं आई जो फसल इस बार आई पर अगली फसल के लिए खतरा जरूर मंडरा रहा है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन

**रायसेन,दोपहर मेट्रो**

**विभागों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों के परीक्षण और अनुशंसा के लिये राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है।**

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION
OF

विभागों द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजे जाते हैं। समिति में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा संबंधित विभाग जिनका प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया उनके अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव सदस्य होंगे।

अब कोई भी विभाग आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन व उसके अनुसार परीक्षण करते हुए उनका हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप (स्द्वद्य ष्टभ्ठ्ठह्लद्भद्बठ्ठद्गस्र) के रूप में भेजा जाएगा न कि नस्ती के रूप में।

राज्य शासन ने विभागों को निर्देशित किया है कि प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासकीय विभाग परिभ्रमण में समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराऐगा। जो प्रस्ताव उक्त मापदंडों की पूर्ति करते हुए नहीं होंगे उन्हें लौटा दिया जाएगा।

## तीन हम्मलों के लाइसेंस निरस्त, एक को नोटिस जारी , फिर तौल कांटे में मिली गड़बड़ी

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

**कृषि उपज मंडी में अनाज चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। कई हम्मलो तुलवाटो के द्वारा किसानों को चूना लगाने के लिए नए-नए उपय किए जा रहे हैं।**

चोरी करको बोर छुपाने के लिए भी कई प्रयास किया जाते, पड़क जाने पर किसानों से मारपीट भी करने लगे है । मीडिया में मामला सामने आने तथा एसडीएम के निर्देश पर मंडी सचिव के द्वारा भी किसानों की उपज पर गोलमाल करने वाले हम्मलो पर कड़ी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

इसीलिए परिणाम है कि कुछ दिन पहले किसान के साथ मारपीट हुआ बोर गायब करने वाले तीन हम्मलो के लाइसेंस भी निरस्त कर दिए एक दिन पहले तोल कांटे में गड़बड़ी करके अधिक अनाज तोलने वाले को सस्पेंड करके लाइसेंस करने की कार्रवाई से पहले नोटिस जारी किया गया है । वहीं बुधवार को ओर एक तोल कांटे में गड़बड़ी ज्यादा तोड़ने का काम किया जा रहा था। इसके बाद मंडी कर्मचारियों ने तोल कांटे की जांच पड़ताल ब गलगली मिलने पर किसानों को अधिक उपज का भुगतान करवरकर व्यापारी को भी चेतावनी दी गई है कि दोबारा किसान के साथ गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई होगी । मंडी सचिव फतेह सिंह चौहान ने बताया की कार्रवाई निरंतर हमारे अधिकारी के द्वारा अनाज चोरी करने वाले व गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई के लिए हमें निर्देश दिये है । हमने तीन हम्मलो के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। एक को नोटिस जारी किया है दूसरा यदि कोई व्यापारी भी गड़बड़ी करते पाया जाएगा उसे पर भी कड़ी कार्रवाई होगी मंडी से दिए गए तौल कांटों पर ही टोल करनी होगी उसे हटके किसी तोल कांटे से तोल कोई व्यापारियों करवाइए तो हम कार्रवाई करेंगे।

## ग्राम पंचायत बाढेर में विकास कार्यों के नाम पर किया गया भ्रष्टाचार !

### ग्राम पंचायत की कब और कैसे होगी निष्पक्षता से जांच ? ग्राम पंचायत बाढेर में विकास कार्यों के नाम पर किस के संरक्षण में फल-फूल रहा है भ्रष्टाचार?

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

**जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत आने वाली इस ग्राम पंचायत बाढेर में जिस तरह से पूर्व में भ्रष्टाचार किया गया जो कि वर्तमान में भी जारी है,वह किसी से छिपा नहीं है,लेकिन अफसोस बस इस बात का है कि ग्राम पंचायत बाढेर में फैला यह भ्रष्टाचार जिम्मेदार अधिकारीयों को क्यों दिखाई नहीं देता क्या वजह है ।**



इस की क्योंकि विकास कार्यो के नाम पर ग्राम पंचायत में जिस तरह से किया गया भ्रष्टाचार,और गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग कर के किये गये कार्य दिखाई नहीं पड़ने के पीछे कोई ना कोई कारण तो अवश्य ही होगा,ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों में बिना मटेरियल टेस्टिंग के गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग करना और जिम्मेदारों का उक्त निर्णय कार्यों का सब कुछ जानते समझते हुऐ भी मूल्यांकन करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना नहीं है तो और क्या है। अधिकारियों का ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त होने के बाद जांच और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हुऐ अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाना कई तरह के संदेहो को जन्म देता है। अधिकारियों द्वारा यदि निष्पक्षता से इस ग्राम पंचायत में कराये गये निर्माण कार्यों की जांच करवाई जाये,तो विकास कार्यों की आड़ में किये जा रहे और पूर्व में किये गये भ्रष्टाचार के वह सब काले कारनामे सामने आ जायेंगे जो कि ग्राम पंचायत में किये गये हैं। क्योंकि भ्रष्टाचार में लिप्त इस ग्राम पंचायत में जो विकास कार्य कराये गये हैं, और उन निर्माण कार्यों में जो भ्रष्टाचार किया गया। वह किसी को दिखाई क्यों नहीं देता है,और जो निर्माण कार्य दिखाई देता है। वह विकास कार्यों के नाम पर किये गये भ्रष्टाचार की पोल खोलता है।

## मिलिट्री स्टेशन के सुदर्शन चक्र कोर में हुई अनोखी मिलेट कार्यशाला

MILLETS
OUTREACH
OGRAM

रायसेन। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 के रूप में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भोपाल मिलिट्री स्टेशन चक्र कोर द्वारा सैन्य परिवारों के लिए एक मिलेट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भोपाल के फिलफोर रेस्टोरेंट की मुख्य शेफ श्रीमती आसिफ रशीद और उनकी टीम द्वारा मिलेट के कई व्यंजन बनाए गए और व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। कार्यक्रम में सभी ने लुत्फ उठाया और मिलेट को अपनी दैनिक जीवन शैली में शामिल करने का प्रण लिया।

## लापता युवक की पुलिस नहीं कर पाई तलाश

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

पिछले तीन दिन पहले घर वालों को कुछ बताएं बगैर सलमान खान उम्र 24 मूलत निवासी ग्राम नारखेड़ा जागीर वर्तमान में मोहल्ला तलैया सिरोंज में रहने वाल युवक लापता है। तीन दिनों का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस उसकी कोई खोज खबर नहीं कर पाई है । इसकी वजह से घर वालों की चिंताएं बड़ी हुई है इनके द्वारा भी अपने रिश्तेदार नातेदार व अन्य स्थानों पर खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके तलाश करने की बात घर वालों से की जा रही है।

## सांची में एसएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई जप्त की गई 2132210 रु नगद राशि

**रायसेन,दोपहर मेट्रो**

### सोने के चेननुमा दो अभूषण और चांदी की 5 ईट

जिले के सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सांची में बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर एसएसटी टीम द्वारा वाहन क्रमांक स्ब्क्क0 ष्ट 7058 श्वष्भह्यश्चभह्ल्ल की जांच के दौरान वाहन चालक आकाश जैन के पास से 21 लाख 32 हजार 210 रुपए नगद राशि, सोने के चेन नुमा दो आभूषण और चांदी की पांच ईट जप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा एसएसटी तथा एफएसटी टीम गठित की गई हैं। सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें निर्वाचन आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद सतत् कार्य कर रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा आयकर विभाग को अवगत कराया जाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री दुबे के निर्देश पर सांची विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा यह कार्रवाई की गई।

**मेट्रो एंकर** खसरे में स्वयं की इच्छानुसार से कुछ भी फेरबदल करने के आरोप

# पटवारी नें कहा बेबुनियाद है आरोप

**सिरोंज ,दोपहर मेट्रो**

**शाहनावाज खांन पुत्र नन्ने मियां वार्ड क्रमांक 15 ने कस्बा सिरोंज पटवारी के उपर रिश्वत लेने के आरोप लगाऐ है । प्रार्थी ने एक आवेदन अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज को दिया है जिस आवेदन मे लेख किया है कि भूमि सर्वे क्रमांक 153/1 का राजस्व अभिलेखो मे विभाजन कराया था ।**

जिसका आदेष माननीय तहसीलदार सिरोंज द्वारा दिनांक 28/10/14 को विभाजन स्वीकृत कर प्रार्थी को दिया गया है । जिसका तत्कालीन पटवारी द्वारा राजस्व खसरे मे अमल भी कर दिया था । किन्तु वर्तमान पटवारी मनीष साहू द्वारा उक्त भूमि को पूर्व स्थिति में शामिल खाते मे डाल दी । प्रार्थी पिछले 2 माह से तहसीलदार सिरोंज के आदेष की प्रमाणित प्रति लेकर हल्का पटवारी के चक्कर लगा रहा है कि उक्त आदेश का पुनः अमल कर दिया जावे । उक्त आदेश किसी भी वरिष्ठ न्यायालय से निरस्त नही हुआ है फिर भी उनने खसरे मे शामिल खाता अंकित कर दिया है । आवेदन मे लेख किया है कि पटवारी ने प्रार्थी से पैसे की मांग की है । प्रार्थी के द्वारा कुछ राषि भी प्रदाय की है लेकिन आज दिनांक तक प्रार्थी का काम नही किया है । हल्का पटवारी अपनी आईडी पासवर्ड का गलत उपयोग कर रहा है । प्रार्थी ने अनुविभागीय अधिकारी से मांग की है कि पटवारी मनीष साहू पर तत्काल वैधानिक कार्यावाही कर हल्का परिवर्तन किये जाने की मांग की है ।

एस.डी.एम.एवं तहसील कार्यालय सिरोंज

#### इनका कहना है

शिकायतकर्ता के द्वारा जिस संबंध मे आरोप लगाऐ है वह गलत है शिकायतकर्ता के द्वारा जिस राजस्व रिकार्ड कार्य के संबंध मे पूर्वात स्थिति कायम रखने की वर्तमान हल्का पटवारी से अपेक्षा की जा रही है वह हल्का पटवारी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नही आता है। संबंधित व्यक्ति के अपेक्षा अनुसार कार्य न होने से हल्का पटवारी पर बेबुनियाद दोषारोपण किया जा रहा है ।

**मनीष साहू,पटवारी**

हल्का पटवारी को हम नोटिस जारी कर रहे है नोटिस के बाद जो भी जवाब प्राप्त होता है इसके हिसाब से हम जांच करेगे अगर षिकायत पाई जाती है तों हम कार्यावाही करेगे ।
एसडीएम हर्षल चौधरी सिरोंज ।

# मैच से ज्यादा पिच का सस्पेंस

**वर्ल्ड** कप के पहले मुकाबले में टीम इंडिया से शिकस्त झेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का अहम मुकाबला आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के साथ होना है।साउथ अफ़्रीका टीम ने अपने इस वर्ल्ड कप का आगाज श्रीलंका के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ जीत के साथ किया था।शनिवार को भारत-पाक के बीच होने वाली माह भिड़ंत के पहले होने वाला यह मैच भी वर्ल्ड कप के लिहाज से बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।इसकी खास वजह यह है कि दोनों टीमों के बीच वर्ल्ड कप से ठीक पहले हुई 5 वनडे मैचों की सीरीज में भी धमाकेदार क्रिकेट का मजा खेल प्रेमियों को देखने को मिला था।सीरीज के शुरुआती 2 मैच में हार झेलने वाली साउथ अफ्रीका ने ने दमदार वापसी कर सीरीज 3-2 से अपने नाम की थी।सीरीज की वापसी में जिस अंदाज में अफ्रीकी बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी,ठीक उसी अंदाज में इस टीम ने वर्ल्ड कप का आगाज किया था।वैसे साउथ अफ्रीका टीम ने वो मैच दिल्ली की सपाट पिच पर खेल था,जिसमें दोनों टीमों के बल्लेबाजों के ही बोलबाला रहा था।वहीं आज का मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होने वाला है।भले ही वर्ल्ड कप के मद्देनजर इकाना स्टेडियम की पिच नये पिच क्यूरेटर के मार्गदशन में नए सिरे से तैयार की गयी हो,लेकिन पिच का नया बर्ताव देखना दिलचस्प रहेगा।दरअसल इसी साल जनवरी माह में हुई टीम इंडिया -न्यूजीलैंड टी20 मैच की वजह से यहां की पिच सुर्खियों में रही थी।धूमधड़ाके की तर्ज पर होने वाले टी20 वाले उस मैच में बगैर छक्के के 39.5 ओवर में मात्र 200 रन बने थे।कीवी टीम के 99 रनों के लक्ष्य को बमुश्किल हार्दिक सेना हासिल कर पायी थी।टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पंड्या की शिकायत के चलते पिच क्यूरेटर सुरेंद्र कुमार को सजा के तौर पर तुरंत निष्कासित किया गया था।भले ही उनसे इस तरह की पिच तैयार करने की वजह टीम मैनजमेंट के निर्देश ही क्यों न रहे हों,लेकिन गाज उन्ही पर गिरी थे। पिच क्यूरेटर के निष्कासन के बाद ग्वालियर के संजीव अग्रवाल को स्टेडियम का पिच का जिम्मा दिया गया था।बंगलादेश समेत कई मुख्य मैदानों की पिच उनकी देखरेख में तैयार की जा चुकी हैं।अब इसी वजह से ऐसा माना जा रहा है की इकाना स्टेडियम की पिच अपने पुराने रूप( गेंदबाजों की मददगार लो स्कोरिंग )से बदलकर नये अंदाज में बर्ताव करती नजर आयेगी।मतलब साफ है कि वर्ल्ड कप में आज होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों के साथ कसौटी के मापदंड पर इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर भी रहने वाले हैं।

## ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका मुकाबला

### कसौटी पर पिच क्यूरेटर

**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

---

### इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जारी की लिस्ट

# गिल, सिराज प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सितंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया है। इन दोनों भारतीय के अलावा तीसरे खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैंड के ओपनर डेविड मलान को शामिल किया गया है। जबकि आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ मंथ के लिए दक्षिण अफ्रीका की स्टार नादिन डी क्लार्क और लौरा वोल्वार्ड्ट और श्रीलंका की चमारी अथापथु को शामिल किया गया है। इनमें से एक खिलाड़ी को मेंस और विमेंस कैटेगरी में अवॉर्ड दिया जाएगा। गिल इस साल दूसरी बार नॉमिनेट किया गया है। जनवरी 2023 में गिल नॉमिनेट हुए थे और उन्होंने यह अवॉर्ड जीता था। वहीं, सिराज के पास पहली बार यह अवॉर्ड जीतने का मौका है।

### गिल एशिया कप में टॉप स्कोरर

शुभमन गिल- श्रीलंका और पाकिस्तान में सितंबर महीने में खेले गए एशिया कप में शुभमन गिल टॉप स्कोरर थे। गिल ने 6 मैचों में 75.50 की ओसत से 302 रन बनाए थे। वहीं सितंबर महीने में खेले गए 8 वनडे में गिल ने 80 की औसत से 480 रन बनाए।

### सिराज एशिया कप के टॉप विकेट टेकर

मोहम्मद सिराज-श्रीलंका और पाकिस्तान में सितंबर महीने में खेले गए एशिया कप में मोहम्मद सिराज टूर्नामेंट के दूसरे टॉप विकेट टेकर थे। सिराज ने 5 मैचों में 4.63 की इकोनॉमी रेट से 10 विकेट लिए।वहीं सिराज ने इस महीने खेले 6 वनडे मैचों में कुल मिलाकर 11 विकेट लिए। वहीं उन्होंने एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 21 रन देकर 6 विकेट लिए, जिसमें एक ओवर में 4 विकेट थे।

### मलान ने 92 की औसत से रन बनाए

डेविड मलान- सितंबर में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे मुकाबले में उन्होंने अर्धशतक जड़ा। वहीं तीसरे मैच में 96 रन बनाए। वहीं सितंबर में उनके 277 वनडे रन 92.33 की औसत से बनाए।

## भारत-पाक मैच के लिए चप्पे-चप्पे पर जवान देंगे पहरा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे वर्ल्ड कप का हाई वोल्टेज मैच होने जा रहा है। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच को लेकर मिल रही धमकियों को देखते हुए गुजरात पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में 7 हजार पुलिसकर्मी और 4 हजार होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। साथ ही हस्त्र की बॉम्ब स्क्वॉड और एंटी ड्रोन टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल रहेगी। वहीं खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए तैयार रहेंगे। मैच के टिकट पहले ही बिक चुके हैं। मैच के दौरान जहां स्टेडियम की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया है, वहीं शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी प्रशासन ने पुलिस बल की व्यवस्था की है। स्टेडियम के आसपास के होटलों में भी चेकिंग की जाएगी।

## धर्मशाला स्टेडियम की आउटफील्ड पर की सफाई

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की आउटफील्ड पर उठी कॉन्ट्रोवर्सी पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने कहा कि इंडिपेंडेंट सलाहकार एंडी एटकिंसन ने मैदान का निरीक्षण कर इसे आरामदायक बताया है। धर्मशाला की आउटफील्ड को औसत रेटिंग दी गई है। जांच में कंडीशन ठीक पाई गई। आउटफील्ड को लेकर कुछ एरिया ऑफ कंसर्न सामने आए थे। उन पर ग्राउंड स्टाफ मुख्य पिच क्यूरेटर सुनील चौहान की देख रेख में इस पर कार्य कर रहे हैं। आउटफील्ड में रोलिंग और वाटरिंग की जा रही है। बता दें मैच से पहले आउटफील्ड बिल्कुल ठीक होगी। इससे पहले उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाड़ी इन पैचेस को लेकर पूरी तरह से सचेत हैं और सावधानी से खेलेंगे। खिलाड़ी चोट का कोई जोखिम मोल नहीं लेंगे। धर्मशाला के मैदान और पिच पर पिछले 2 दिनों में काफी अभ्यास किया है। हम पहले मैच में हार से उबरकर आगामी मैचों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमें मैच में रन बचाने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।
इन सभी चीजों से ही मैच जीत सकते हैं।

---

### वर्ल्ड कप 2023 का मैच कई रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा

# रोहित वर्ल्ड कप के सबसे उम्रदराज भारतीय कप्तान, वॉर्नर ने सबसे तेज 1000 रन बनाए

**चेन्नई, एजेंसी**

वर्ल्ड कप 2023 का 5वां मैच रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा। रोहित शर्मा टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज भारतीय कप्तान बने। विराट कोहली ने नंबर-3 पर 11 हजार रन पूरे किए और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर वर्ल्ड कप की सबसे कम पारियों में एक हजार रन बनाने वाले बैटर बने। रोहित शर्मा वर्ल्ड कप मैच में कप्तानी करने वाले भारत के सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। रोहित की उम्र 36 साल 161 दिन है। उन्होंने मोहम्मद अजहरूद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा। अजहर ने 1999 वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी की थी, तब उनकी उम्र 36 साल 124 दिन थी। विराट कोहली वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने मैच के तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर मिचेल मार्श का कैच पकड़ते ही कीर्तिमान हासिल किया।

### वर्ल्ड कप में सबसे तेज बनाने वाले बैटर

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर वर्ल्ड कप में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बैटर बने। वॉर्नर ने 19 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल किया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। तेंदुलकर ने 20 पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे। विराट कोहली वनडे में सबसे ज्यादा 50+ रन बनाने वाले नॉन-ओपनर बैटर बने। कोहली ने 275 मैचों में 113 बार 50+ का स्कोर बनाया है। उन्होंने कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़ा। श्रीलंकाई बल्लेबाज ने 382 मैच में 112 बार 50+ स्कोर बनाया था। कोहली ने 85 रन की पारी खेली, इसके साथ ही उनके नंबर-3 पोजिशन पर बैटिंग करते हुए तीनों फॉर्मेट मिलाकर 13 हजार रन भी हो गए। वह ऐसा करने वाले दूसरे ही खिलाड़ी बने, उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ही ऐसा कर सके हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क वर्ल्ड कप में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 19 मैचों में यह अचीवमेंट हासिल की। उन्होंने श्रीलंकाई पेसर लसिथ मलिंगा के 26 मैच में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा।

### पहली भारतीय शटलर जोड़ी बनी नम्बर वन

# सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में टॉप पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार शटलर जोड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। यह पहली भारतीय जोड़ी है जिसने यह मुकाम हासिल किया है। ये नंबर-3 से टॉप पर पहुंचे हैं। मंगलवार को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने ताजा रैंकिंग जारी की। सात्विक और चिराग की जोड़ी के अब 92,411 पॉइंट हैं।

### एशियन गेम्स में पहली बार भारत को दिलाया गोल्ड

सात्विक-चिराग ने चीन में संपन्न हुए 19वें एशियन गेम्स में पहली बार भारत को बैडमिंटन में गोल्ड दिलाया। इससे पहले भारत ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में कभी गोल्ड मेडल नहीं जीता था। पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में विमेंस सिंगल्स इवेंट में सिल्वर जीता था, जो सात्विक-चिराग के गोल्ड जीतने से पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। सात्विक-चिराग ने अप्रैल में हुए एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत को मेंस डबल्स में गोल्ड दिलाया। गोल्ड मेडल सिर्फ दिनेश खन्ना ने जीता था, जब उन्होंने 1965 में लखनऊ में थाईलैंड के सांगोब रत्तनुसोर्न को मेंस सिंग्लस के फाइनल में हराया था।

---

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# 'सितारे जमी पर' में दिखेंगे आमिर

आमिर खान ने हाल ही में अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर की अनाउंसमेंट कर दी है। इस बड़ी अनाउंसमेंट के साथ ही उन्होंने बताया है कि ये फिल्म लोगों को कमियों के साथ कबूल करने के कॉन्सेप्ट पर बनाई जाएगी। हाल ही में दिल्ली में हुए न्यूज 18 के अमृत रत्न सम्मान शो के दौरान आमिर ने अनाउंस किया है कि वो जल्द ही फिल्म सितारे जमीन पर में काम शुरू करने वाले हैं। ये फिल्म उनकी साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल होगी। जहां पहली फिल्म में उन्होंने एक लड़के (ईशान) की मदद की थी, वहीं अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर में वो 9 यंग बच्चों की मदद करते दिखेंगे। रिपोर्ट की मानें तो वो फिल्म में बच्चों को कमियों के साथ एक्सेप्ट करने पर रोशनी डालेंगे। ईवेंट के दौरान आमिर ने कहा, मैंने कभी इस बारे में बात नहीं की और अब भी कुछ ज्यादा नहीं कह सकूंगा। लेकिन मैं इसका टाइटल बता सकता हूं। फिल्म का टाइटल सितारे जमीन पर होगा। आपको मेरी फिल्म तारे जमीन पर याद होगी और इस फिल्म का नाम भी वैसा ही सितारे जमीन पर है, क्योंकि अब हम इस थीम के साथ 10 कदम आगे बढ़ रहे हैं। तारे जमीन पर एक इमोशनल थीम थी, लेकिन अब हमारी फिल्म आपको हसाएगी। उस फिल्म ने आपको रुलाया था, ये फिल्म आपको एंटरटेन करेगी। पिछली फिल्म में मैंने ईशान नाम के कैरेक्टर की मदद की थी, अब 9 बच्चे मेरी मदद करेंगे। आमिर ने 2022 में फिल्म लाल सिंह चड्ढा फ्लॉप होने के बाद एक्टिंग से ब्रेक लिया था। हालांकि वो प्रोडक्शन में एक्टिव हैं। अब आमिर फिल्म सितारे जमीन पर से कमबैक करेंगे। आरएस प्रसन्न इस फिल्म को डायरेक्ट कर सकते हैं। आमिर खान ने 3 अक्टूबर को फिल्म लाहौर 1947 अनाउंस की है। ये फिल्म उनके प्रोडक्शन हाउस आमिर खान फिल्म्स के बैनर तले बनाई जाएगी।

# फिल्म 'छावा' में नजर आएंगे विक्की कौशल

एक्टर विक्की कौशल की इस साल दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। जहां पहली फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' हिट थी तो वहीं दूसरी फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' फ्लॉप रही। अब दिसंबर के फर्स्ट वीक में उनकी 'सैम बहादुर' रिलीज होगी। इन दिनों इसका पोस्ट प्रोडक्शन वर्क जारी है। विक्की से जुड़े करीबियों ने इस बारे में खास डिटेल शेयर की है। उनका कहना है कि दिसंबर के फर्स्ट वीक में 'सैम बहादुर' का रिलीज होना तय है। यह फिल्म आगे शिफ्ट नहीं होगी। मेकर्स नवरात्रि में इसका ट्रेलर रिलीज करेंगे। वहीं नवरात्रि से ठीक पहले विक्की अपनी अगली फिल्म 'छावा' की शूटिंग पर जुट जाएंगे। फिल्म सैम बहादुर की निर्देशक मेघना ट्रेड एक्सपर्ट और फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया, फिल्म छावा की शूटिंग 14 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। विक्की इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे के रोल में नजर आएंगे।

# हॉलिडे के सेट पर मिली थी अक्षय से

गुजरे जमाने की एक्ट्रेस शांति प्रिया ने बॉलीवुड ठिकाने को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे अक्षय के पास काम मांगने गई थीं, लेकिन वहां से उन्हें निराशा ही मिली। शांतिप्रिया ने कहा- मैं अक्षय से फिल्म 'हॉलिडे' के सेट पर मिलने पहुंची थी। उन्होंने भी मुझसे लंच ब्रेक में आधे घंटे तक चर्चा की। अक्षय ने मुझे सोनाक्षी सिन्हा से भी मिलवाया। इस दौरान मैंने उन्हें बताया कि मैं कमबैक करना चाहती हूं। यह सुनने के बाद अक्षय ने मुझे रियलिटी चेक देते हुए कहा कि मैं अब हीरोइन का रोल नहीं कर सकती। शांति प्रिया को उनके स्किन कलर के लिए मजाक बनाया गया था। ऐसा किसी और ने नहीं बल्कि अक्षय कुमार ने किया था। यह खुलासा खुद शांति प्रिया ने किया है। शांति ने कहा कि अक्षय ने उनके घुटनों के रंग पर कमेंट कर दिया था। अक्षय ने शांति से कहा कि उनके घुटने इतने डार्क क्यों हैं। अक्षय को एहसास नहीं हुआ लेकिन यह कमेंट शांति प्रिया को चुभ गया।

---

**मेट्रो बाजार**

# महंगाई से राहत : कम हो सकते हैं सब्जियों के दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अगले महीने से सब्जियों की नई फसल आने से कीमतें कम हो सकती हैं। वहीं क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों पर अधिकारी ने कहा कि यह चिंता की बात है, लेकिन कीमतें अभी भी टोलरेटेबल जोन यानी ( 90 डॉलर/बैरल ) के नीचे है और उत्पाद शुल्क में कटौती का कोई प्लान नहीं है। रिटेल महंगाई आरबीआई के 6 फीसदी की ऊपरी टॉलरेंस लिमिट के पार निकलकर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई है। महंगाई का यह 15 महीने का उच्चतम स्तर भी है। इससे पहले अप्रैल 2022 में महंगाई 7.79 फीसदी रही थी। खाने-पीने का सामान खासकर सब्जियां महंगी होने के कारण महंगाई बढ़ी है। जून में फुटकर महंगाई 4.81% रही थी। जुलाई में, सब्जियों की टोकरी में वार्षिक फुटकर महंगाई 37.44 %, मसालों में 21.63%, दालों और प्रोडक्ट्स में 13.27 % अनाज और प्रोडक्ट्स में 13 % थी।



**क्रूड ऑयल की कीमत 85 डॉलर/बैरल :** क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों पर वित्त मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि बजट कैलकुलेशन में कच्चे तेल की कीमतें शामिल नहीं है। क्योंकि, सरकार ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को सब्सिडी नहीं देती है। इसलिए इसमें उतार चढ़ाव होने से फिस्कल कैलकुलेशन में कोई अंतर नहीं होता है। फिलहाल 85 डॉलर/बैरल के आसपास है, क्रूड ऑयल की प्राइस टॉलरेट करने की लिमिट 90 डॉलर/बैरल के नीचे है, लेकिन इसके चलते पॉलिसी एडजस्टमेंट नहीं किया जा सकता है।

# वोल्वो इंडिया की पावरफुल इलेक्ट्रिक कार लॉन्च

**नईदिल्ली।** वोल्वो इंडिया ने अपनी पावरफुल इलेक्ट्रिक कार %वोल्वो सी 40 रिचार्ज% को भारत में ऑफिशियल तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस कार की शुरुआती कीमत 61.25 लाख रुपए (एक्स-शोरूम प्राइस) रखी है। वोल्वो का दावा है कि यह कार एक बार फुल चार्ज करने पर 530 किमी चलती है। वहीं इस कार को 80त्न तक चार्ज होने में सिर्फ 27 मिनट का समय लगता है। कंपनी के इंडियन लाइनअप में वोल्वो सी 40 रिचार्ज दूसरी प्योर इलेक्ट्रिक कार है। इस इलेक्ट्रिक की ऑफिशियल बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। जिसे कस्टमर्स कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप से भी बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी अगले कुछ हफ्तों में शुरू की जाएगी। सी 40 रिचार्ज का मुकाबला हुंडई आयोनिक-5 समेत इन कारों से होगा

वोल्वो सी 40 रिचार्ज, एक्स सी 40 रिचार्ज का ही कूपे स्टाइल वर्जन है। प्रीमियम इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में वोल्वो सी 40 का मुकाबला हुंडई आयोनिक 5, किया ईवी और वोल्वो एक्स सी 40 रिचार्ज से होगा।

### कागज की गड्डी दिखाकर युवक ने मांगा था आईफोन फिर चकमा देकर फरार

# माइनिंग कारोबारी से आईफोन ले जाने वाले जालसाजों का नहीं लगा सुराग

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

**रानी कमला पति रेलवे स्टेशन पर नकली नोट की गड्डी दिखाकर ठगी करने वाले गिरोह ने माइनिंग कारोबारी को चकमा देकर आईफोन 13 ले जाने वाले जालसाजों का अब तक सुराग नहीं लगा है। आरोपियों ने उक्त घटना सम्मोहन क्रिया (हिप्नोटाइस) करने के बाद की। बदमाश ने वारदात को अंजाम सम्मोहन करने के बाद किया था और युवा कारोबारी से उनके यूपीआई का पासवर्ड भी पूछ लिया था।**

यूपीआई के माध्यम से आरोपियों ने 27 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन भी किया गया था। घटना की शिकायत माइनिंग कारोबारी ने कमलापति स्टेशन पर जीआरपी में की थी। जीआरपी ने केस डायरी हबीबगंज पुलिस को सौंपी गई। हबीबगंज पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा सकी। युवा कारोबारी ने बताया कि आरोपियों का लोकेशन दिल्ली में मिल रहा है, लेकिन पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है।

### यूपीआई से निकाले 27 हजार

SCAM
WARNING
UPI

### बैग में दिखाई नोट की गड्डी

मुकेश शुक्ला ने बताया कि उक्त युवक ने अपना बैग खोला और कपड़ों के नीचे गड्डी दिखाई थी। उसने कहा कि उसके पास पैसों की तीन गड्डी है। यह गड्डी ले लों। मुकेश ने कहा कि उक्त गड्डी पुलिस को या फिर बैंक में जाकर दे दो। युवक ने कहा कि एक बार गड्डी छूकर देख लो। मनोज का कहना है कि गड्डी छूने के बाद युवक जैसा कहता रहा और वह करते रहें। युवक ने मोबाइल मांगा तो उन्होंने अपना मोबाइल दे दिया। उन्होंन उसे मोबाइल लॉक का पैटर्न और यूपीआई तक बता दिया। कुछ देर बाद वहां उसका साथी आया और उसने कहा कि चलों आईएसबीटी चलते हैं। ट्रेन को अभी टाइम है। युवक ने कहा कि अपना मोबाइल और गड्डी बैग में रख लो और वहा आटो से अपने साथी के साथ निकल गया था।

### रानी कमलापति स्टेशन की घटना

जानकारी के अनुसार मुकेश शुक्ला पिता सुनील शुक्ला (22) हाउस चौराहा के पास लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका माइनिंग का काम है। माइनिंग के काम से उनका अक्सर भोपाल आना होता रहता है। पिछले दिनों भी वह काम से भोपाल आए थे और होटल में रुके थे। उनकी 23 सितंबर की शाम छह बजे ट्रेन थी। वे होटल से डीबी माल पहुंचे और वहां मूवी देखने के बाद रानी कमला पति रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन के बाहर उन्हें एक 17 से 18 साल का एक युवक मिला। वह मुकेश के पास पहुंचा और कहा कि मुझे भूख लगी है कुछ खिला दो। पास ही दुकान थी और मुकेश ने कहा कि जो खाना है खा लो। उसने नाश्ता किया और कहा कि मुझे बीड़ी पीनी है।

## सूने घर में ताला तोड़कर की चोरी, 3 आरोपियों को 1-1 साल की जेल

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

### न्यायालय ने आरोपियों पर 2-2 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है

सूने घर में चोरी करने का दोषी पाते हुए न्यायालय ने तीन आरोपियों को एक-एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह रघुवंशी की अदालत ने कोहेफिजा थाने में दर्ज प्रकरण में आरोपी नियाज खान एवं राजू खत्री को 1-1 साल सश्रम कारावास व 2-2 हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी आशीष अग्रवाल को 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रुपए जुर्माने से दंडित किया है।

मामले में फरियादी ने 2 सितंबर 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने बेटे के साथ सुबह लगभग 09:30 बजे काली माता मंदिर दर्शन के लिए गई थी। दर्शन कर घर वापस आई तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था एवं घर के अंदर का सभी सामान बिखरा पड़ा था, घर के अंदर बेडरूम में रखी अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और उसमे रखी सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का रानी का हार, दो सोने की रिंग, एक हार का सेट, चार सोने के कंगन व चांदी की बिछिया व पायल एवं 30,000 रु नकद और मोबाइल नहीं था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## भांजे को गुटखा खाते देख मामा ने की पिटाई बहनोई को मारी छुरी

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

**गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नगर निगम कॉलोनी में साले ने बेहनोई पर छुरी से हमला कर दिया। छुरी का हमला हाथ से रोकने के कारण बेहनोई की दाहिने हाथ की अंगूली कट गई। बेहनोई की शिकायत पर पुलिस ने साले पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस ने बताया कि राजा कुचबंदिया (40) नगर निगम कॉलोनी गौतम नगर में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसके बेटा कल रात रोता हुआ घर पहुंचा था। उसने बताया कि मैं गुटखा खा रहा था, तभी मामा लुक्कू की नजर पड़ गई। लुक्कू ने उसके साथ मारपीट की है। राजा कुचबंदिया लुक्कू के घर पहुंचा और उससे बेटे से मारपीट करने का कारण पूछा। इस बात पर राजा और लुक्की के बीच कहासुनी होने लगी। कहासुनी बढ़ने पर दोनों में मारपीट हो गई। मारपीट के बीच लुक्कू ने छुरी निकाल ली और राजा पर हमला कर दिया। छुरी राजा के हाथ में लगने से उसकी अंगूली कट गई।

## 66 वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई

**भोपाल। ,दोपहर मेट्रो**

New Motor Vehicle Act

विधानसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आदर्श चुनाव आचार संहिता के बाद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को चैकिंग के दौरान हूटर लगे 3 वाहन, गलत नंबर प्लेट वाले 56, काली फिल्म वाले 5 और सर्च लाइट लगे 2 वाहनों समेत कुल 66 वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं। यातायात पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### गोविंदपुरा क्षेत्र में शुरू हुई पानी की किल्लत...



भोपाल। शहर के गोविंदपुरा क्षेत्र में अभी से पानी की समस्या शुरू हो गई है। इससे क्षेत्र के लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों को टैंकरों से लाइन में लगकर पीने का पानी लाना पड़ रहा हैं।

## कार की टक्कर से महिला की मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित पापाजी ढाबा के पास खारखेड़ी में बीती रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दंपती को अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके पति की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार शीला सेन पति विकास सेन (43) गांव खारखेड़ी, खजूरी सड़क में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट काम करते हैं। दंपती कल रात बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पापाजी ढाबा के पास उनकी बाइक को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पीछे बैठी शीला को गंभीर चोट आई थी, जबकि पति भी घायल हुआ है।

## तेज रफ्तार बाइक ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

**खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित धामनिया रोड अमलतास कॉलोनी के गेट के सामने तेज रफ्तार बाइक के चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी।**

हादसे में युवक को गंभीर चोट आई है। उसे एंबुलेंस से बैरागढ़ सिविल अस्पताल ले जाया गया था। एक दिन बाद होश आने के बाद युवक ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि राहुल नाथ पिता कैलाश नाथ (22) राजीव नगर टपरा, खजूरी सडक में रहता हैं। उसने अपना मामा दारासिंह व मौसा राकेश नाथ के साथ थाना थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत में उसने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता हैं। गत 10 अक्टूबर को मै अपनी बाइक से अपनी मौसी से लडके राजू को पीछे बैठाकर सीहोर से अपने घर जा रहा था कि शाम 4 बजे घर जा रहा था। जैसे ही अमलतास कालोनी के गेट के सामने धामनिया रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक चालक ने काफी तेज बाइक चलाते हुए मेरी बाइक में टक्कर मार दी। टक् कर लगने से मैं भाई समेत गिर गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी और वह बेहोश हो गया। होश आने पर पता चला कि वह बैरागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती है।

**मेट्रो एंकर** | मृतका के परिवार में माता पिता के अलावा छोटा भाई है

# कपड़ा व्यापारी की बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

**कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गॉन फिलिंक कॉलोनी फेस टू गुफा मंदिर में रहने वाले कपड़ा व्यापारी की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।**

एएसआई महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि भूमिका हरचंदानी पिता अनिल हरचंदानी (23) गॉन फिलिंक कॉलोनी फेस टू गुफा मंदिर रोड पर रहती थी और निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। परिवार में माता पिता के अलावा छोटा भाई है। पिता की न्यूमार्केट में कपड़े की दुकान हैं। उनके रिश्तेदार कमलेश बिजलानी ने बुधवार सुबह पुलिस को सूचना दी थी कि भूमिका ने फांसी लगा ली है। पुलिस की टीम भूमिका के घर पहुंची थी। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि भूमिका अपने कमरे में रहकर पढ़ाई करती थी। वह केवल खाना लेने के लिए किचन तक जाती थी। इसके बाद कमरे में ही खाती थी और पढ़ाई करती थी। मंगलवार रात भी उसने खाना खाया और कमरे में पढ़ने के लिए चली गई। बुधवार सुबह जब उसका कमरा नहीं खुला तो परिजन ने किसी तरह दरवाजा खोला था। दरवाजा खोलने पर पता चला कि भूमिका ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे पर फांसी लगा ली है।

ज्योतिष परामर्श

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य
व कुंडली
विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010
shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

Good knight
GOLD FLASH
कोने कोने से छुपे मच्छरों को भगाए
आज ही ले आइये Goodknight Gold Flash.
4 HOURS
AUTOMATIC FLASH MODE
हर 4 घण्टों के बाद रिलीज़ करे
FLASH VAPOURS, AUTOMATICALLY.

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022